


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 272

ग्वालियर, मंगलवार 21 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# मॉनसून ने बिहार में दी दस्तक, दिल्ली भी होगी तरबतर : आईएमडी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बाद मॉनसून की दस्तक से मौसम खुशनुमा होने के आसार है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून मध्य प्रदेश के ज्यादातर हिस्से, छत्तीसगढ़ के बाकी भूभाग और आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में पहुंच गया है। इसके कारण बंगाल की खाड़ी के उत्तर पश्चिमी हिस्से, पूरे ओडिशा और पश्चिम बंगाल के गंगा क्षेत्र और झारखंड के लगभग पूरे हिस्से में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया है कि आज मॉनसून बिहार और दक्षिण पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी पहुंच गया। एक-दो को छोड़कर बिहार के सभी जिलों में बारिश शुरू हो गई है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। हालांकि पटना में आज दोपहर में धूप खिली हुई है। मौसम विभाग ने अलर्ट किया है कि अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिमी तट पर भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के दौरान उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत में अलग-अलग जगहों पर भारी वर्षा और गरज के साथ छींटे पड़ सकती हैं। दिल्ली में रिमझिम बारिश रुक-रुक कर हो रही है।



मॉनसून पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानों, झारखंड और बिहार के ज्यादातर हिस्सों में रविवार को पहुंच गया। मौसम विभाग ने सोमवार-मंगलवार को भारी बारिश होने का पूर्वानुमान किया है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि मॉनसून के पहुंचने के साथ ही पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में सोमवार और मंगलवार को छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी भारी बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। कोलकाता में अगले कुछ दिनों में बिजली चमकने के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मॉनसून अब रफ्तार पकड़ रहा है। गुजरात, मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सघन बादल दिख रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में भी सघन बादल बने हुए हैं और वहां भारी बारिश करा रहे हैं। दक्षिण गुजरात, कोंकण, गोवा में 1-2 दिन में भारी बारिश हो सकती है। दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईअमडी ने दिन में बादल छाए रहने के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान लगाया है। गरज के साथ छींटे पड़ने के साथ ही 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। अधिकतम तापमान के 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। विभाग ने गरज के साथ छींटे पड़ने या हल्की बारिश को लेकर शनिवार से चार दिन के लिए मौसम का 'येलो अलर्ट' भी जारी किया।

राजस्थान में मॉनसून से पहले की बारिश का दौर सोमवार को भी जारी रहा जहां बीते 24 घंटे के दौरान बीकानेर, जयपुर, अजमेर, कोटा और भरतपुर संभाग में मध्यम से भारी दर्जे की बारिश हुई। इस दौरान सबसे अधिक बारिश फुलेरा (जयपुर) में दर्ज की गई जो 82 मिलीमीटर रही।

## कश्मीर में मारे गए तीन आतंकवादी

### सुरक्षा बलों के साथ जमकर हुई मुठभेड़

**श्रीनगर।** सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ कश्मीर में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। स्थानीय पुलिस के अनुसार, बीते 24 घंटे में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार, उत्तर कश्मीर के



कुपवाड़ा जिले में जारी मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। इस अभियान में अभी तक चार आतंकवादी मारे जा चुके हैं। मुठभेड़ में रविवार को दो आतंकवादी मारे गए थे। पुलिस प्रवक्ता ने ट्वीट किया, ''कुपवाड़ा में जारी मुठभेड़ संबंधी ताजा जानकारी- शौकत समेत दो और आतंकवादी मारे गए। अब तक चार आतंकवादी मारे जा चुके हैं। इस बीच पुलवामा जिले में एक अन्य मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने पुलवामा के चटपोरा इलाके में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था, जिसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया।

## ममता बोली- चार साल बाद जब नौकरी खो देगा फिर बेरोजगारों को भाजपा विधायकों के घर लाऊंगी, तुम नौकरी दोगे

**कोलकाता।** केंद्र के अग्निपथ योजना के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। पश्चिम बंगाल में भी लोग रेलवे और सड़क जाम कर केंद्रीय नीति के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। विशेष रूप से जो लोग राष्ट्रीय सेवा के लिए सेना में सेवा करने में रुचि रखते हैं, उनकी संख्या अधिक है। सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में भी विरोध कि चिंगारी देखने को मिली। जिससे सत्र हंगामेदार हो गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को अग्निपथ के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। उन्होंने कहा कि चार साल बाद, हर कोई अपनी नौकरी खो देगा। फिर बेरोजगारों को भाजपा विधायकों के घर लाऊंगी, तुम नौकरी दोगे।% यह टिप्पणी सुनकर भाजपा विधायकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान बीजेपी विधायकों ने वॉकआउट कर दिया। बाहर लॉबी में प्रदर्शनकारियों ने पोस्टर हाथ में लेकर विरोध जताया। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और छह अन्य विधायक सोमवार को राज्य विधानसभा सत्र में शामिल हुए। निलंबन हाल ही में हटा लिया गया है। सत्र की शुरुआत में मुख्यमंत्री बोलने के लिए उठीं। उन्होंने कहा कि केंद्र की अग्निवीर योजना की निंदा में मुखर थीं।



# भारत बंद बनारस से बलिया तक छावनी जैसे दिखे कई इलाके

**नई दिल्ली।** बलिया। अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को घोषित बंद का असर पूरे जनपद में नहीं रहा। हालांकि एहतियातन जगह-जगह पुलिस और पीएसी के जवानों को तैनात किया गया था। सबसे अधिक सुरक्षा इंतजाम रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड पर था। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अग्निपथ स्कीम के विरोध में चार दिनों पहले कुछ युवकों ने शहर में जमकर उत्पात मचाया था। ट्रेनों, दुकानों में तोड़फोड़ करने के साथ ही रेलवे यार्ड में खड़ी एक सवारी गाड़ी के डिब्बे में आग लगा दिया था। अग्निपथ योजना के विरोध की आशंका में सोमवार को और कड़ी कर दी गई। इस दौरान आज़मगढ़ जंक्शन से पर अधिकारियों संग पुलिस ने दौरा कर सुरक्षा का जायजा लिया। स्टेशन पर आने वाले सभी यात्रियों के साथ अन्य लोगों की भी



तलाशी ली गई। सभी को चेताया गया कि कानून व्यवस्था को लेकर कोई माहौल खराब करने की कोशिश न करे। सुरक्षा की दृष्टि में सीआरपीएफ, एसएसबी के जवानों के साथ ही साथ सिधारी पुलिस, जीआरपी इंस्पेक्टर अरविंद शर्मा, आरपीएफ इंस्पेक्टर रमेश चंद्र मीणा, मूसेपुर चौकी इंचार्ज कमलनयन दुबे मौजूद रहे। जायजा लेने पहुंचे एसडीएम बूढ़नपुर नवीन प्रसाद, सीओ लालगंज मनोज रघुवंशी डटे रहे। अग्निपथ के विरोध में युवाओं के आंदोलन और भारत बंद के आह्वान को देखते हुए एसपी अजय कुमार सिंह सोमवार को दोपहर में अचानक रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिए। एसपी की निगरानी में पुलिस अधिकारियों ने ड्रोन कैमरे से रेलवे स्टेशन एवं आसपास के स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिए। वहीं जिले में भारत बंद का कोई असर नहीं रहा। नगर और ग्रामीण इलाके में व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले रहे। एसपी ने कहाकि किसी भी दशा में राजकीय सम्पत्ति की क्षति नहीं होने दी जाएगी। उन्होने आंदोलनकारी युवकों से भी अनुरोध किए कि वे राजकीय सम्पत्ति को क्षति न पहुंचाएं और आंदोलन की बजाय अग्निपथ के लिए शुरु होने वाली भर्ती की तैयारी में जुट जाए, ताकि उनका भविष्य बेहतर हो सके। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद एसपी ने नगर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर लोगों से शांति बनाए रखने का अनुरोध किए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा,सीओ सीटी प्रभात राय, कटरा,शहर और देहात कोतवाली के थानेदार फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## यूपी में भारत बंद का दिखा आंशिक असर, 32 ट्रेनें निरस्त, 745 उपद्रवी गिरफ्तार

**लखनऊ।** केन्द्र सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए लायी गयी अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को बुलाये गए भारत बंद का उत्तर प्रदेश में आंशिक असर दिखा। लगभग सभी जिलों के मुख्य बाजार खुले दिखे और यातायात भी सामान्य रहा। हालांकि तोड़फोड़ और आगजनी की आशंका से पूर्वोत्तर रेलवे ने ऐतिहातन 32 ट्रेनों को निरस्त कर दिया। जबकि एक ट्रेन का टाइम बदला गया और दो के मार्ग परिवर्तित किए। निरस्त होने वाली ट्रेनों में ज्यादातर बिहार, दिल्ली और मुंबई रूट की हैं। वहीं पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारी सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। साथ ही खुफिया को अलर्ट किया गया था। यूपी पुलिस ने सोमवार को 745 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर 39 मुकदमें दर्ज किए। इस बीच एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों को भड़काने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सरकार की तरफ से युवाओं को इस योजना के बारे में समझाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों को असामाजिक तत्वों व कुछ राजनीतिक लोगों ने उकसाया जिससे कि हिंसा हुई है। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। भारत बंद के आहवान पर एडीजी ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिविल पुलिस के अलावा 141 कंपनी पीएसी और 10 कंपनी सीएपीएफ तैनात की गई है। अभी तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। भारत बंद का असर यूपी में नहीं दिख रहा है। विदित हो कि सोशल मीडिया पर भारत बंद का आह्वान किया गया था। एडीजी ने बताया कि किसी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। हिंसा करने वालों के खिलाफ कठोर धाराओं में मुकदमें दर्ज किए गए हैं और बड़े स्तर पर गिरफ्तारी की जा रही है। जिन लोगों के द्वारा छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से वसूली की जाएगी।

## खास खबर

### नवाब मलिक और अनिल देशमुख को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख और कैबिनेट मिनिस्टर नवाब मलिक को एमएलसी चुनाव में वोट डालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। दोनों ही नेता फिलहाल अलग-अलग मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। महाराष्ट्र में आज एमएलसी चुनाव के लिए मतदान हो रहा है, जिसमें वोट डालने की परमिशन मांगने के लिए देशमुख और मलिक ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इससे पहले हाई कोर्ट ने दोनों की मांग को खारिज कर दिया था। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री देशमुख और कैबिनेट मंत्री मलिक के वकील ने मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की है। खास बात है कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में केवल 285 वोट ही उपलब्ध हैं। क्योंकि मलिक और देशमुख न्यायिक हिरासत में हैं और शिवसेना के विधायक रमेश लाटके का का ही में निधन हो गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दोनों नेताओं की याचिका को खारिज कर दिया था। जस्टिस एनजे जमादार की बेंच ने कहा था कि वे शुक्रवार की शाम तक लिखित आदेश तैयार कर देंगे। इसके जवाब में मलिक की तरफ से कोर्ट में पेश हुए वकील अमित देसाई ने कहा कि आदेश थोड़ा जल्दी दे दिया जाए, क्योंकि चुनाव सोमवार को हैं। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के चलते मलिक न्यायिक हिरासत में हैं। जबकि, देशमुख के खिलाफ ईडी ने जांच शुरू की है, जिसके चलते वह न्यायिक हिरासत का सामना कर रहे हैं। इससे पहे मुंबई कोर्ट ने राज्यसभा चुनाव में भी वोट डालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

### मौलाना तौकीर रजा पर भी योगी सरकार का शिकंजा कई धाराओं में केस दर्ज

**नई दिल्ली।** मौलाना तौकीर रजा पर भी अब योगी सरकार ने शिकंजा कस दिया है। उनके खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा ने भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया था। उनके खिलाफ बरेली कोतवाली की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि प्रदर्शन के लिए 1500 लोगों की अनुमति दी गई थी। लेकिन आयोजकों ने हजारों की भीड़ बुला ली। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव पांडेय ने आईएमसी के जिलाध्यक्ष फरहत खान और महानगर अध्यक्ष मखदूम बेग के प्रार्थना पत्र पर रविवार 19 जून को प्रदर्शन की अनुमति दी थी। अनुमति में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि 1500 लोगों से ज्यादा की भीड़ इस्लामिया ग्राउंड में नहीं होगी। कोविड-19 का पालन किया जाएगा। आईएमसी के नेताओं ने अनुमति की शर्तों का उल्लंघन किया। 1500 लोगों के बजाय हजारों की भीड़ बुलाई गई। इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव पांडे की ओर से कोतवाली में आईएमसी जिला अध्यक्ष फरहत खान और महानगर अध्यक्ष मखदूम बेग के खिलाफ धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में पुलिस को बड़ी कामयाबी, दो शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की सनसनीखेज हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शूटरों के एक मॉड्यूल हेड समेत दो मुख्य शूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी वही शूटर हैं जिन्होंने मूसेवाला पर गोलियां चलाई थीं। बताया जा रहा है कि यह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हुए थे और इनका आपराधिक इतिहास है। मूसेवाला हत्याकांड के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने दिल्ली पुलिस की पूछताछ में कबूल किया था कि मूसेवाला को उसके गैंग ने ही मरवाया है। हालांकि, इसमें उसका कोई हाथ नहीं है। बिश्नोई ने यह भी कहा था कि उसे मूसेवाला हत्याकांड के बारे में टीवी देखकर ही पता चला था। लॉरेंस बिश्नोई इन दिनों पंजाब पुलिस की गिरफ्त में है। पंजाब पुलिस 14 जून को लॉरेंस को गिरफ्तार कर एक दिन की ट्रांजिट रिमांड पर पंजाब ले गई थी।

## अग्निपथ के विरोध में दिल्ली कूच का ऐलान गुड़गांव से नोएडा तक लगा भीषण जाम



**नई दिल्ली।** सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना के खिलाफ कई संगठनों ने भारत बंद का ऐलान किया है। बंद का ऐलान करने वाले कुछ संगठनों ने दिल्ली कूच का भी ऐलान किया था। इसको लेकर दिल्ली पुलिस सतर्क है और राजधानी में सभी एंट्री पॉइंट पर चेकिंग की जा रही है। सुबह से ही स्लो हो चुका ट्रैफिक सुबह 8 बजे के बाद महाजाम में बदल गया। गुड़गांव से लेकर नोएडा तक दिल्ली की सभी सीमाओं पर कई-कई किलोमीटर लंबा जाम लगा है। हजारों गाड़ियां रेंग रही हैं। इसके अलावा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी के समक्ष पेश होंगे जिसकी वजह से ट्रैफिक पुलिस ने कई रूट्स को बंद कर दिया है। इसका असर दिल्ली के भीतर भी सड़कों पर दिखाई दे रहा है। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर सरहोल सीमा पर भारी ट्रैफिक है। यहां दिल्ली पुलिस अग्निपथ योजना के खिलाफ बुलाए गए भारत बंद के मद्देनजर वाहनों की जांच कर रही है। इससे सरहौल सीमा पर वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दे रही है। जाम लंबा होने पर सरहोल बॉर्डर पर गुरुग्राम पुलिस ने हस्तक्षेप कर दिल्ली पुलिस की बैरिकेडिंग को सुबह सवा दस बजे हटवाया। जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। दिल्ली पुलिस सुबह साढ़े सात बजे से ही वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रही। दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर भी पुलिस सुबह से गाड़ियों की जांच में जुटी है। दिल्ली-नोएडा सीमा पर भी भीषण जाम लगा है। एक्सप्रेसवे, महामाया फ्लाइओवर, फिल्म सिटी तक हजारों गाड़ियां फंसी हुई हैं। दफ्तर जाने का समय होंने की वजह से लोग काफी परेशान दिखे। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर सरहोल सीमा पर भारी ट्रैफिक है। यहां दिल्ली पुलिस अग्निपथ योजना के खिलाफ बुलाए गए भारत बंद के मद्देनजर वाहनों की जांच कर रही है। इससे सरहौल सीमा पर वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दे रही है। जाम लंबा होने पर सरहोल बॉर्डर पर गुरुग्राम पुलिस ने हस्तक्षेप कर दिल्ली पुलिस की बैरिकेडिंग को सुबह सवा दस बजे हटवाया। जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। दिल्ली पुलिस सुबह साढ़े सात बजे से ही वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रही।

## मोदी जी दोस्त अब्बास से पूछिए नूपुर ने हजरत मोहम्मद के बारे में जो कहा वो सही है या गलत: औवेसी

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम चीफ और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपने दोस्त अब्बास वाली बात को लेकर उन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने एक ट्ववीट में कहा, अपने दोस्त अब्बास को बुलाकर उलेमा-ए-किराम की तक़रीर सुनाइये और फिर उनसे पूछिए कि जो नूपुर शर्मा ने हजरत मोहम्मद के बारें में कहा, वो सही है या ग़लत?÷ औवेसी ने ये भी कहा कि मोदी जी आपने अपने दोस्त को याद किया, यह भी संभव है कि यह एक कहानी हो। उन्होंने तंज किया, ÷प्रधानमंत्री जी, कृपया अपने दोस्त अब्बास से पूछें, अगर वह मौजूद है। बीजेपी की निष्कासित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद की गई विवादित टिप्पणी पर उठा बवाल थमने में नहीं आ रहा है। इसकी



चपेट में प्रधानमंत्री मोदी भी विपक्षी नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री पर ताजा हमला हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने किया है। ओवैसी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने %बचपन के दोस्त अब्बास% से पूछना चाहिए कि क्या निलंबित बीजेपी नेता नुपुर शर्मा की पैगंबर मुहम्मद पर टिप्पणी आपत्तिजनक है या नहीं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मां हीराबेन मोदी के 99वें जन्मदिन पर एक ब्लॉग पोस्ट किया था। इसमें पीएम मोदी ने अपने बचपन के दोस्त अब्बास और अपनी मां साथ बिताए पलों को याद किया। इस ब्लॉग में उन्होंने अपने करीबी दोस्त अब्बास के लिए लिखा, ÷मेरे पिता के एक करीबी दोस्त पास के गांव में रहते थे। उनकी असामयिक मौत के बाद, मेरे पिता अपने दोस्त के बेटे अब्बास को हमारे घर ले आए। वह हमारे साथ रहे और अपनी पढ़ाई पूरी की। इस दौरान मेरी मां हम सभी भाई -बहनों की तरह ही अब्बास को भी प्यार करती और उनकी देखभाल करती थी। हर साल ईद पर वह उनके पसंदीदा पकवान भी बनाती थीं। पीएम के इस ब्लॉग पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन चीफ ओवैसी ने तीखा जवाब दिया।

## राहुल गांधी से पूछताछ जारी नेशनल हेराल्ड केस में चौथे दिन पहुंचे ईडी दफ्तर

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय पहुंच गए हैं। हर दिन की तरह इस बार भी उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा साथ मौजूद रहीं। सोमवार को चौथी बार प्रवर्तन निदेशालय उनसे सवाल-जवाब कर रहा है। इससे पहले 15 से 17 जून तक पूछताछ हुई थी। बताया जा रहा है कि अब तक प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी राहुल गांधी से करीब 30 घंटे की पूछताछ कर चुके हैं। दरअसल, नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम राहुल गांधी से पूछताछ कर रही है। राहुल गांधी 11 बजकर 5 मिनट पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड प्लस



सिक्योरिटी के साथ ईडी के दफ्तर पहुंचे। राहुल गांधी से पूछताछ को देखते हुए केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर के चारो तरफ सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इलाके में धारा 144 भी लगाई गई है। इससे पहले राहुल गांधी से ईडी ने तीन दिन पूछताछ की थी। तीनों ही दिन कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोध में सड़कों पर उतर आए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से राहुल गांधी से पूछताछ का विरोध किया जा रहा है और इसे देखते हुए दिल्ली पुलिस अलर्ट है। राजधानी दिल्ली के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। उधर इस बीच कांग्रेस बड़े प्रदर्शन की तैयारी में हैं। ईडी की कार्रवाई के विरोध में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता दिल्ली में जुट रहे हैं, तो वहीं अग्निपथ योजना के विरोध में भी कांग्रेस देश भर में विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। साथ ही दिल्ली की ट्रैफिक पुलिस ने भी ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी। इस बीच कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल आज राष्ट्रपति से भी मुलाकात कर सकता है।

# ऋषभ और अय्यर के साथ ही मुख्य कोच द्रविड़ इंग्लैंड रवाना हुए

## वन-टू-वन

### 2023 से महिला आईपीएल शुरू करेगा बीसीसीआई



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अगले सत्र से महिला आईपीएल शुरू करने जा रहा है। इसमें करीब 6 टीमों को अवसर दिया जाएगा। वहीं आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा है कि इसमें सभी फ्रेंचाइजी के लिए एक महिला टीम का होना अनिवार्य किया जाना चाहिये। इससे सभी महिला खिलाड़ियों को लाभ होगा ओर टीम को बेहतर प्रतिभाएं मिलेंगी। भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा रहा है और अब महिला आईपीएल शुरू करने से यह ओर बेहतर हो जाएगा। मोदी ने कहा कि अगर हर आईपीएल फ्रेंचाइजी एक महिला टीम रखेगी तो इससे नई प्रतिभाएं सामने आयेंगी और टीम की बेंच स्ट्रेंथ भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि यह अनूठा कदम होगा। इससे महिलाओं के खेल को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी और मैं वास्तव में इस कदम से बेहद उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि अभी महिला खिलाड़ियों के लिए टी20 चैलेंज मुकाबले होते हैं पर इसमें कम टीमें होने के कारण खिलाड़ियों को अधिक अवसर नहीं मिलते। इसमें 3 टीमों के बीच सिर्फ 4 ही मुकाबले खेले जाते हैं। पिछले दिनों आईपीएल के मीडिया राइट्स से ही बोर्ड को रिकॉर्ड 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है। इससे बोर्ड अब महिला आईपीएल शुरु करने को लेकर गंभीर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में पहले से ही लीग मुकाबले होते हैं जबकि वेस्टइंडीज इसकी शुरुआत करने जा रहा है।

### बेरेटिनी ने क्वींस खिताब, हर्काज ने हाले ओपन जीता

**लंदन।** इटली के माटियो बेरेटिनी ने फिलिप क्रोजीनोविच को हराकर ग्रास कोर्ट क्वींस क्लब खिताब जीत लिया है। बेरेटिनी ने खिताबी मुकाबले में क्रोजीनोविच को 7-5, 6-4 से हराया। बेरेटिनी इस इस जीत से अब 27 जून से शुरु हो रहे विम्बलडन में उत्साहित होकर उतरेंगे। वह इस तरह क्वींस क्लब में कई बार खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों लेटिन हेविट, एंडी रॉडिक, एंडी मरे, मारिन सिलिच और फेलिसियानो लोपेज के क्लब में शामिल हो गये हैं। वहीं दूसरी ओर हाले में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रुस के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया है। हर्काज ने मेदवेदेव को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-1, 6-4 से हराकर पहली बार कोई ग्रासकोर्ट खिताब जीता है। हर्काज भी अब विम्बलडन में जीत के दावेदार के तौर पर उतरेंगे। उन्होंने हाले में खिताबी जीत के दौरान गत चैंपियन यूगो हम्बर्ट, फेलिक्स ऑगर अलियासिम और ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस जैसे खिलाड़ियों को हराया।

### टेस्ला और मस्क का भारत में स्वागत, पर केंद्र आत्मनिर्भर भारत योजना से पीछे नहीं हटेगा : पांडे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने कहा कि टेस्ला और उसके सीईओ एलन मस्क का भारत में स्वागत है, लेकिन सरकार आत्मनिर्भर भारत की पॉलिसी से किसी भी तरह से पीछे नहीं हटेगी। कंपनी को भारत में अपने प्रोडक्ट्स बेचने से पहले यह शर्त माननी होगी। टेस्ला देश में अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को बेचने के लिए आयात शुल्क में कमी की मांग कर रही है। पिछले महीने, मस्क ने कहा कि टेस्ला स्थानीय रूप से अपने ईवी का उत्पादन तब तक नहीं करेगी, जब तक कि उसे अपनी इलेक्ट्रिक कारों को पहले यहां बेचने और सर्विस करने की अनुमति नहीं दी जाती। मस्क ने भारत के लिए अपनी निर्माण योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर यह जानकारी साझा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा टेस्ला किसी भी ऐसे स्थान पर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट नहीं लगाएगी, जहां हमें पहले से बेचने की अनुमति नहीं है। हाल ही में आयोजित एक शिखर सम्मेलन में भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री पांडे ने कहा कि देश की आत्मनिर्भर नीति अडिग है। टेस्ला का भारत में स्वागत है, लेकिन उन्हें देश की नीतियों का पालन करना होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शर्तों के तहत टेस्ला को भारत में अपने इलेक्ट्रिक वाहन लॉन्च करने के लिए आमंत्रित किया था। टेस्ला को टैक्स में किसी भी तरह की कटौती की उम्मीद करने से पहले देश के लिए अपनी उत्पादन योजनाओं को शेयर करने के लिए कहा गया था। गडकरी ने कहा था, अगर मस्क भारत में टेस्ला बनाने के लिए तैयार हैं, तो कोई समस्या नहीं है। हमारे पास सभी योग्यताएं हैं, विक्रेता उपलब्ध हैं। हमारे पास हर तरह की तकनीक है और उसकी वजह से वह लागत कम कर सकते हैं। गडकरी ने यह भी कहा था कि टेस्ला को चीन में अपने ईवी का निर्माण करने और फिर भारत में बेचे यह किसी भी तरह नहीं हो सकता, क्योंकि यह देश के लिए अच्छा प्रस्ताव नहीं है।

### सोना और चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी गई। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 0.20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और इसका भाव बढ़कर 50,935 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया। इसके साथ ही चांदी की कीमत 0.28 फीसदी की तेजी के बाद 61,106 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ , विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर बेंगलुरु से सोमवार को इंग्लैंड दौरे के लिए रवाना हुए। अभी तक ये सभी खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में व्यस्त थे। वहीं टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह के अलावा कई खिलाड़ी पहले ही इंग्लैंड पहुंच गये थे क्योंकि इन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए आराम दिया गया था। सलामी बल्लेबाज के विकल्प के तौर पर शुभमन गिल के होने के कारण भारतीय टीम प्रबंधन ने चोटिल लोकेश राहुल की जगह मयंक अग्रवाल को इस टीम में शामिल नहीं किया है। वहीं अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इस दौरे में उप कप्तान रहेंगे। भारतीय टीम को इस दौरे की शुरुआत से पहले लीस्टरशॉयर के खिलाफ एक अभ्यास मैच खेलना है। यह मुकाबला 24 जून से खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम से 1 जुलाई से टेस्ट मैच खेलेगी।



बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, ' मयंक टीम में स्टैंडबाय की भूमिका में ही रहेंगे क्योंकि टीम को एक ही टेस्ट मैच खेलना है। ऐसे में टीम प्रबंधन ने उन्हें मुख्य दल मे शामिल नहीं किया है हालांकि यदि कोई अन्य खिलाड़ी चोटिल होता है तो फिर वह इंग्लैंड भेजे जाएंगे।'

#### राहुल पहले ही इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये थे।

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय दल रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

### क्रिकेट प्रशासकों का टेस्ट के प्रति उदासीन रवैया : इयान चैपल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान चैपल ने क्रिकेट प्रशासकों पर निशाना साधा है। चैपल ने कहा है कि प्रशासकों का टेस्ट क्रिकेट के प्रति उदासीन रवैया है और वे सीमित ओवरों के प्रारुप को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। चैपल के अनुसार , 'आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले से जब दुनियाभर में टी20 क्रिकेट के तेजी से विस्तार के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि हम बहुत कुछ नहीं कर सकते हैं।' उनके इस बयान से ही अंदाज होता है कि टेस्ट क्रिकेट के प्रति उनका उदासीन रवैया रहा है। चैपल ने कहा कि टी20 क्रिकेट हमेशा से ही टेस्ट क्रिकेट के लिए खतरा रहा है। वहीं बार्कले ने भी कहा, 'टी20 की लोकप्रियता के कारण द्विपक्षीय क्रिकेट को नुकसान होगा। साथ ही कहा कि यदि टी 20 क्रिकेट आगे बढ़ता है तो इसका सीधा नुकसान टेस्ट क्रिकेट को होगा।' चैपल का मानना है कि क्रिकेट के प्रशासकों को बहुत पहले एक समावेशी बहस का आयोजन करना चाहिए था जिससे टेस्ट के भविष्य के लिए योजना बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि खेल हमेशा से ही वर्तमान खिलाड़ियों और प्रशंसकों पर निर्भर करता है न कि अन्य बातों पर। अगर टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक संस्करण में मनोरंजन के लिए खेल के दिनों को कम करना और अधिक आक्रामक दृष्टिकोण शामिल है तो इसका विरोध नहीं होना चाहिये। कई खिलाड़ियों ने टेस्ट प्रारुप को सबसे बेहतर बताया है। इसके बाद भी उसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चैपल का कहना है कि टेस्ट और 50 ओवर की क्रिकेट दोनों ही मनोरंजक और बहुत अच्छे प्रारुप हैं।



## निसांका के शतक से श्रीलंका ने तीसरे एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया को हराया

### सीरीज में 2-1 से आगे हुई मेजबान टीम

**कोलंबो।** पाथुम निसांका के शानदार शतक से मेजबान श्रीलंकाई टीम ने मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले खेलते हुए बल्लेबाज ट्रेविस हेड के नाबाद 70 और कप्तान एरॉन फिंच के 62 रन की सहायता से 6 विकेट पर 291 रन बनाये। इसके बाद श्रीलंकाई टीम ने निसांका के शतक 137 रन और कुसल मेंडिस के 87 रनों की सहायता से 48.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी भी बनायी।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत अच्छी रहीं। निसांका और डिकवेला ने पहले विकेट के लिए 42 रन बनाये। डिकवेला के 25 रनों पर आउट होने के बाद निसांका और मेंडिस ने दूसरे विकेट के लिए 170 रन की बड़ी साझेदारी करके टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। मेंडिस 87 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। वहीं निसांका ने 147 गेंद पर 137 रन बनाए। धनंजय डिसिल्वा ने 25 रन बनाए जबकि चरित असंलका 13 रन बनाकर आउट नहीं हुए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से झाय रिचर्ड्सन ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरॉन फिंच ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी शुरु की पर टीम को शुरुआत में कही करारा झटका लगा। अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर केवल 9 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। वहीं कप्तान फिंच ने 62 रन बनाकर टीम को संभाला। एलेक्स केरी ने 49 और ग्लेन मैक्सवेल ने 33 रन बनाये। अंत में ट्रेविड हेड ने 70 रन बनाकर स्कोर को 291 रन के अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

### आयरलैंड दौरे पर परिवार को साथ नहीं ले जा पायेंगे खिलाड़ी

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि आयरलैंड दौरे पर खिलाड़ी अपने परिवार को साथ नहीं ले जा सकेंगे। इस दौरे पर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम उतरेगी। दौरे पर रवाना होने से पहले इस टीम के खिलाड़ियों को तीन दिनों के लिए ब्रेक भी मिलेगा। भारत और आयरलैंड के बीच 2 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। बीसीसीआई के अनुसार सीरीज में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) नहीं होगा पर खिलाड़ियों के साथ उनके परिवार वाले नहीं जाएंगे। कुछ खिलाड़ी आईपीएल से लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं ऐसे में उन्हें तरोताजा होने के लिए ब्रेक दिया जा रहा है।!' आयरलैंड जाने वाली टीम के सभी सदस्य 23 जून को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण और सहयोगी स्टाफ के साथ मुंबई में एकत्रित होंगे।

## निसांका के शतक से श्रीलंका ने तीसरे एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया को हराया

### सीरीज में 2-1 से आगे हुई मेजबान टीम

**कोलंबो।** पाथुम निसांका के शानदार शतक से मेजबान श्रीलंकाई टीम ने मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले खेलते हुए बल्लेबाज ट्रेविस हेड के नाबाद 70 और कप्तान एरॉन फिंच के 62 रन की सहायता से 6 विकेट पर 291 रन बनाये। इसके बाद श्रीलंकाई टीम ने निसांका के शतक 137 रन और कुसल मेंडिस के 87 रनों की सहायता से 48.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी भी बनायी।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत अच्छी रहीं। निसांका और डिकवेला ने पहले विकेट के लिए 42 रन बनाये। डिकवेला के 25 रनों पर आउट होने के बाद निसांका और मेंडिस ने दूसरे विकेट के लिए 170 रन की बड़ी साझेदारी करके टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। मेंडिस 87 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। वहीं निसांका ने 147 गेंद पर 137 रन बनाए। धनंजय डिसिल्वा ने 25 रन बनाए जबकि चरित असंलका 13 रन बनाकर आउट नहीं हुए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से झाय रिचर्ड्सन ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरॉन फिंच ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी शुरु की पर टीम को शुरुआत में कही करारा झटका लगा। अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर केवल 9 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। वहीं कप्तान फिंच ने 62 रन बनाकर टीम को संभाला। एलेक्स केरी ने 49 और ग्लेन मैक्सवेल ने 33 रन बनाये। अंत में ट्रेविड हेड ने 70 रन बनाकर स्कोर को 291 रन के अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

## इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के वर्चुअल डेबिट कार्ड होल्डर्स को अदा करने होंगे 2 तरह के शुल्क

**नई दिल्ली।** अगर आपका खाता इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) में है और आपके पास बैंक का वर्चुअल डेबिट कार्ड है, तो आपकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ने वाला है। दरअसल, आईपीपीबी के वर्चुअल डेबिट कार्ड होल्डर्स को अब एनुअल मेंटेनेंस और रिइश्युएंस चार्जेस का भुगतान करना होगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को 25-25 रुपए का भुगतान करना होगा। यह शुल्क 15 जुलाई 2022 से लागू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रीमियम खातों (एसबीपीआरएम) को इन शुल्कों से छूट दी जाएगी। गौरतलब है कि आईपीपीबी ने ग्राहकों को डिजिटल भुगतान ईकोसिस्टम की ओर बढ़ाने के लिए वर्चुअल डेबिट कार्ड लॉन्च किया था। डिजिटल भुगतान को केंद्र से भी बढ़ावा मिल रहा है। यह एक डिजिटल कार्ड है जिसका इस्तेमाल ऑनलाइन लेनदेन के लिए किया जा सकता है। कार्ड का उपयोग एक फिजिकल कार्ड की तरह ही भारत में किसी भी मर्चेंट वेबसाइट/ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन खरीदारी के लिए किया जा सकता है। बशर्ते वहां रुपे कार्ड स्वीकार किया जाता हो। इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के ग्राहक अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप पर इसे जनरेट कर सकते हैं। केंद्र सरकार बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की मेजबानी के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और प्रमुख मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप के बीच एक साझेदारी पर विचार कर रही है। सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ना है और इसके लिए वह वॉट्सऐप व इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बीच आगे और भी साझेदारी पर विचार कर सकती है। इससे बैंक के ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने में मदद मिलेगी और उन्हें बुनियादी काम के लिए बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है जहां केंद्र सरकार की 100 फीसदी हिस्सेदारी है। इसे डाक विभाग के तहत भुगतान बैंक के रूप में स्थापित किया गया है। बैंक अगले 60 दिनों तक बैलेंस इंक्वायरी, नए खाते के लिए आवेदन व अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट चलाने जा रहा है।

## देश में रूस से छह गुना कोयले का आयात बढ़ा

### जून के शुरुआती 20 दिनों में ही रूस से 33.11 करोड़ डॉलर के कोयले का आयात किया

**नई दिल्ली।** भारत ने इस साल जून के शुरुआती 20 दिनों में ही रूस से 33.11 करोड़ डॉलर के कोयले का आयात किया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले छह गुना अधिक है। इसके अलावा भारत कच्चा तेल भी रूस से रिकॉर्ड स्तर पर आयात कर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक 20 दिनों में रूस के साथ भारत के तेल व्यापार का मूल्य 31 गुना से अधिक बढ़कर 2.22 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में तेल की खरीद औसतन 111.08 करोड़ डॉलर प्रति दिन थी, जो पिछले तीन महीने में खर्च किए गए 3.11 करोड़ डॉलर से तीन गुना अधिक है। वैश्विक प्रतिबंधों के बावजूद भारत द्वारा रूस से आयात किए जाने वाले कोयले में तेज उछाल देखने को मिला है। गौरतलब है कि रूस कोयले पर 30 फीसदी तक की छूट दे रहा है। कई देशों द्वारा प्रतिबंध लगाने के बावजूद भारत ने रूस से कोई व्यापार नहीं रोका है। भारत ने कहा है कि यूक्रेन में हिंसा खत्म होनी चाहिए। लेकिन रूस से अचानक वस्तुओं की खरीद बंद कर देने से वैश्विक दामों में उथल-पुथल मचेगी और उसके ग्राहकों को नुकसान होगा। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत से कहा है कि रूस से ईंधन के आयात पर कोई रोक नहीं है लेकिन इसमें बहुत तेजी भी नहीं आनी चाहिए। वहीं यूरोपीय कारोबारी ने रूस से व्यापार रोक दिया, इसका फायदा सीधे भारतीय खरीददार उठा रहे हैं। वे ढुलाई लागत के बहुत अधिक होने के बावजूद बड़े स्तर पर कोयला रूस से खरीद रहे हैं। भारत ने तीन सप्ताह तक औसतन 128.62 रुपए का रूसी कोयला प्रतिदिन खरीदा है। ये रूस-यूक्रेन युद्ध के 24 फरवरी के बाद तीन महीनों में खरीदे गए 77.1 लाख से दोगुना है। पिछले 20 दिनों की अवधि में तेल की खरीद औसतन 863.70 रुपए प्रति दिन थी।






### मारुति सुजुकी की नई ब्रेजा की बुकिंग शुरू




**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने सोमवार को अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा के आगामी नए संस्करण के लिए बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महीने के आ?खिर में पेश होने वाली नयी ब्रेजा इलेक्ट्रिक सनरूफ जैसे फीचर के साथ नए जमाने की तकनीक और कनेक्टेड सुविधाओं के साथ आएगी। इसमें 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प के साथ अगली पीढ़ी का पावरट्रेन भी होगा। ग्राहक नई ब्रेजा को कंपनी के किसी भी एरिना शोरूम या इसकी वेबसाइट से 11,000 रुपए के शुरुआती भुगतान के साथ बुक कर सकते हैं। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा ?कि देश के कॉम्पैक्ट एसयूवी खंड में ब्रेजा की एक मजबूत बाजार हिस्सेदारी है।




## अच्छी कहानी का आगमन किसी भी इंडस्ट्री से हो सकता है : नवीन पोलिशेट्टी

अभिनेता नवीन पोलिशेट्टी की नई तेलुगू फिल्म जथी रत्नालु को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के बाद से काफी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिली हैं। आने वाले समय में नवीन की कई योजनाएं हैं। वह कई भाषाओं में फिल्में करने की चाहत रखते हैं। नवीन ने बताया, मैं देशभर के किसी भी हिस्से की फिल्म में काम करना पसंद करूंगा। कहानी चाहे कहीं की भी हो या निर्देशक कोई भी हो। मैं कई भाषाओं में काम करना चाहता हूं। नवीन साल 2019 में आई सुशांत सिंह अभिनीत फिल्म छिछोरे में एसिड की भूमिका निभाकर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर चुके हैं। इसी साल तेलुगू में आई उनकी फिल्म एजेंट साईं श्रीनिवास आत्रेय को भी दर्शकों ने खूब सराहा था। अभिनेता का कहना है, जथी रत्नालु, छिछोरे, एजेंट जैसी फिल्मों ने अच्छी कहानियों के लिए मेरे दरवाजे खोल दिए हैं। मुझे अलग–अलग इंडस्ट्री से अच्छी कहानियों के ऑफर्स मिल रहे हैं। नवीन आगे कहते हैं, थिएटर में रिलीज होने के बाद जथी रत्नालु को डिजिटली रिलीज किया गया। इसे देशभर के फिल्मकारों और दर्शकों ने देखा। इसके लिए अमेजन का आभारी हूं। चीजें अब काफी ज्यादा ओपन हो गई है।

## लॉकडाउन के दौरान आवारा जानवरों को खाना खिलाएं: रश्मि अगड़ेकर

अभिनेत्री रश्मि अगड़ेकर जानवरों से काफी प्रेम करती हैं। उनका मानना है कि भले ही कोविड-19 आवारा जानवरों को प्रभावित नहीं करता है, मगर लॉकडाउन से उन पर असर पड़ना तय है। अभिनेत्री ने कहा, कई दुकानदार और स्टोर, जो अपने आस-पास जानवरों को खाना खिलाते हैं, वे लॉकडाउन के कारण ऐसा करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। यदि आप पड़ोस में ऐसे जानवरों के बारे में जानते हैं, तो कृपया उन्हें खिलाएं या उनके लिए बाहर खाना और पानी छोड़ दें। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि चाहे महामारी आवारा घूमने वाले जानवरों को प्रभावित नहीं करती हो, मगर लॉकडाउन करता है। इसके अलावा, पशुओं को खाना खिलाने वालों को आवश्यक सेवाओं के हिस्से के रूप में अनुमति है। उन्होंने कहा, अगर आप घर पर एक पालतू जानवर नहीं ला सकते हैं, तो कम से कम आप यह तो कर सकते हैं कि अपने आस-पास के आवारा जानवरों को खाना खिलाएं। जानवरों के आवासीय कंपाउंड में प्रवेश पर प्रतिबंध को रोकें और इसके बजाय उन्हें खाना खिलाएं।

## मनीष गोपलानी जट यमला म्यूजिक वीडियो में आएंगे नजर

बेपनाह प्यार और डिटेक्टिव दीदी जैसे शो में दिखने वाले टेलीविजन अभिनेता मनीष गोपलानी संगीत वीडियो जट यमला में अभिनेत्री सबा खान के साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं। यह एक रोमांटिक डांस ट्रैक है जिसे हाल ही में निर्देशक अमित कुमार ने पंजाब में शूट किया था। परियोजना के बारे में बात करते हुए, मनीष कहते हैं कि आज विभिन्न प्लेटफार्मों का हिस्सा बनना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आजकल हम सभी जानते हैं कि बहुत सारे प्लेटफॉर्म आ रहे हैं। इसलिए यह हम सभी के लिए एक अच्छा अवसर है।




# मेरी ऑडियो बुक मेरी पहली किताब मी एंड मां के बारे में है: दिव्या दत्ता

अभिनेत्री दिव्या दत्ता के लिए अपनी मां को खोना कितना दर्दनाक था, उनके क्या विचार थे ,इस बारे में उन्होनें अपनी पहली किताब मी एंड मां में उसका जिक्र किया था। अब दिव्या ने उसी किताब का ऑडियो संस्करण लॉन्च किया है। दिव्या ने बताया ऑडियो बुक मेरी पहली किताब, मी एंड मां के बारे में है। यह मेरी मां के साथ मेरी यात्रा, उनके साथ संस्मरण, बचपन से मेरे जीवन में उनकी उपस्थिति और जब तक वह मेरे साथ थीं, मेरा मतलब है कि वह हमेशा मेरे साथ हैं। उन्होंने मुझे एक अच्छा व्यक्ति, एक अच्छा पेशेवर, और कैसे मैं हर परिस्थिति को हैंडेल कर सकूं यह सब सिखाया। अपने विचारों को कलमबद्ध



करने की प्रक्रिया के बारे में बात करते हुए, वह कहती है कि यह उनकी मां को खोने के दर्द और आघात से निपटने के लिए उनका एक तरीका था। वह कहती हैं मेरा सबसे बड़ा डर मेरी मां को खोना था। जब मैंने उसे जाते हुए देखा, तो मैं इससे निपट नहीं सकी। मैं एक मां के लिए जश्न मनाना चाहती थी, जो एक आदर्श माता-पिता और एक सबसे अच्छी दोस्त थी। मैं यह बताना चाहती थी कि माता-पिता और बच्चे के बीच एक अच्छी साझेदारी बच्चे को वह बना सकती है जो वह है, और मैं इसे दुनिया के साथ साझा करना चाहती हूं। वह कहती है मुझे लगता है कि हमारे जीवन में सब कुछ नियोजित नहीं है।

## इंशाअल्लाह में सलमान की जगह ले सकते हैं ऋतिक



इंशाअल्लाह में सलमान की जगह ले सकते हैं ऋतिक संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म इंशाअल्लाह को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। पहले इस फिल्म को सलमान खान और आलिया भट्ट करने वाले थे। लेकिन बाद में भंसाली के साथ डिफ्रेंसेज की वजह से सलमान प्रोजेक्ट से बाहर हो गए। अब पूरे दो साल बाद ऐसी खबर आ रही है कि ऋतिक रोशन इस फिल्म में सलमान की जगह ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म एक जवान लड़की और उम्रदराज आदमी की लव स्टोरी पर बेस्ड है और इसके लिए भंसाली ऋतिक और आलिया को ऑन बोर्ड लेना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह पहला मौका होगा, जब ऋतिक और आलिया साथ काम करेंगे। संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म इंशाअल्लाह को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। पहले इस फिल्म को सलमान खान और आलिया भट्ट करने वाले थे। लेकिन बाद में भंसाली के साथ डिफ्रेंसेज की वजह से सलमान प्रोजेक्ट से बाहर हो गए। अब पूरे दो साल बाद ऐसी खबर आ रही है कि ऋतिक रोशन इस फिल्म में सलमान की जगह ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म एक जवान लड़की

# लेटेस्ट फोटो में बेहद बोल्ड लुक देती नजर आई रश्मि देसाई



अभिनेत्री रश्मि देसाई बिग बॉस के बाद से ही अपने ट्रान्सफॉर्मेशन को लेकर काफी सुर्खियों में रहती हैं। आए दिन रश्मि अपनी एक से एक शानदार फोटोशूट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में रश्मि ने एक बार फिर से अपना लेटेस्ट फोटोशूट फैंस के साथ शेयर किया है इसके साथ ही रश्मि ने अपने ट्रांस्फॉर्मेशन को लेकर मीडिया से बात भी की है। रश्मि देसाई का मानना है कि उन्होंने कोई ट्रांस्फॉर्मेशन नहीं किया है। बहू से लेकर बोल्ड इमेज तक पर बात करते हुए रश्मि कहती हैं कि उन्हें हमेशा से ही फैशन और फोटोशूट का शौक रहा है लेकिन लोगों ने उन्हें अब नोट करना शुरू किया है। रश्मि कहती हैं, मुझे खुशी होती है लोग मुझसे कनेक्ट हो रहे हैं। हालांकि मैंने कई बार पहले भी बोल्ड फोटोशूट कराए हैं। इनसे मुझे अपनी बॉडी को लेकर एक अलग ही कॉन्फीडेंस आता है। बता दें कि रश्मि को टेलीविजन सीरियल उतरन ने घर-घर में संस्कारी बहू के तौर पर मशहूर कर दिया था। उतरन में रश्मि देसाई तपस्या के किरदार में दिखाई देती थीं। बिग बॉस के बाद से ही रश्मि देसाई अपने इस अंदाज को लेकर फैंस के दिलों पर खूब राज कर रही हैं।

# माइग्रेन से पाना है छुटकारा तो अपनाए ये उपाय...



आज की व्यस्त व तनावपूर्ण जीवनशैली में सिर में दर्द होना एक बेहद आम समस्या है और अमूमन हम सभी कभी न कभी इससे जूझते हुए नजर आते हैं। लेकिन जब यह समस्या बढ़ जाती हैं तो माइग्रेन बन जाती है। माइग्रेन की समस्या यानी बार-बार होने वाला तेज सिर दर्द, जो दिमाग के आधे हिस्से में होता है और 1 दिन से लेकर तीन दिन तक बना रह सकता है। अगर आपका कोई करीबी माइग्रेन के दर्द से पीड़ित है तो ये घरेलू उपाय दर्द से राहत दिलाने में मदद करेंगे। माइग्रेन से छुटकारा पाने के लिए और थोड़ी राहत पाने के लिए इन आसान उपायों को अपनाएं।

**माइग्रेन के लक्षणों का अनुभव करें:** अक्सर यह भी देखा जाता है कि लोग यह समझ ही नहीं पाते कि उन्हें सामान्य सर में दर्द है या माइग्रेन की समस्या है। इसलिए माइग्रेन के लक्षण को समझना जरूरी है। अगर पूरे सर में तेजी से दर्द हो रहा है, तेज आवाज, रोशनी, खुशबू इत्यादि से सर में दर्द हो रहा है। साथ ही उल्टी आ रही है, बेचैनी सी लग रही है, किसी काम में मन नहीं लगता, भूख कम लगती है, तो यह माइग्रेन के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।

**मसाज:** माइग्रेन के दर्द से राहत पाने का यह एक सबसे आसान और प्रभावी तरीका है। जब भी आपको सिर में तेज दर्द का अहसास हो तो आप ऑयल को हल्का सा गर्म करके उससे सिर की मसाज करें। दरअसल, मसाज करने से सिर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिसके कारण सिरदर्द से आराम मिलता है। रोशनी से बचें :जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या हो उन्हें ज्यादा रोशनी के बीच नहीं रहना चाहिए क्योंकि इससे दर्द और बढ़ता है। इसलिए अपने आसपास की रोशनी को कम कर दें या कोई चश्मा पहन लें।

**एक्सरसाइज:** योग, एक्सरसाइज और नियमित रूप से व्यायाम करने से हमारे शरीर में एक तरह के हार्मोन का निर्माण होता है। जिसे एंडॉर्फिन हार्मोन कहते हैं। यह एंडॉर्फिन हार्मोन हमें खुशी प्रदान करता है। हमे अंदर से खुशनुमा बनाता है और दर्द को दूर भगाता है। ये एक तरफ से नैचुरल दर्द निवारक भी है। इसलिए व्यायाम और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। लेकिन यह ध्यान रखें कि योग और व्यायाम करने से पहले थोड़ी स्ट्रैचिंग और वार्मअप जरूरी है।



## 5जी तकनीक में आत्मनिर्भर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में पांचवी पीढ़ी की दूरसंचार सेवाएं शुरू करने की दिशा में अहम फैसला किया है। मोदी मंत्रिमंडल ने 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी को मंजूरी दे दी है। सब सामान्य ढंग से चला तो इस साल दिवाली तक देशवासियों को 5जी दूरसंचार सेवाओं का तोहफा मिल सकता है। 20 साल तक ये सेवाएं संचालित करने के लिए जुलाई अंत तक सरकार कुल 72097.85 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी करेगी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दूरसंचार विभाग के स्पेक्ट्रम नीलामी के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। नीलामी में सफल बोली लगाने वालों को देश की जनता और उद्यमों को 5 जी दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेक्ट्रम का लाइसेंस दिया जाएगा। इससे पहले आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी को हरी झंडी दी थी। देश की टेलीकॉम कंपनियां लंबे समय से 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी इंतजार कर रही हैं। इसके साथ ही देश में नई दूरसंचार क्रांति की शुरुआत हो गई है। दूरसंचार मंत्रालय इसी सप्ताह से इच्छुक दूरसंचार कंपनियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करेगा। नीलामी प्रक्रिया जुलाई अंत में आरंभ की जाएगी। इसके लिए स्पेक्ट्रम की कुल कीमत 5 लाख करोड़ रखी गई है। इसके तहत सरकार नौ स्पेक्ट्रम की नीलामी करेगी। यह नीलामी 20 साल के लिए होगी। इस नीलामी में टेलीकॉम कंपनियां, 600, से 1800 मेगाहर्ट्ज बैंड और 2100, 2300, 2500 मेगाहर्ट्ज बैंड की नीलामी के लिए आवेदन करेंगी। भारत सरकार 5जी स्पेक्ट्रम की कॉलिंग और वीडियो कॉलिंग के साथ उन्नत सेवाओं को पहले ही परख चुकी है। नीलामी के प्रस्ताव को मंजूरी देना इसलिए जरूरी था क्योंकि बिना स्पेक्ट्रम के आवंटन के टेलीकॉम कंपनियां इस क्षेत्र में अधिक आगे नहीं बढ़ सकती हैं। कुल मिलाकर भारत ने टेलीकॉम की दुनिया में अपना झंडा बुलंद करते हुए 4जी और 5जी तकनीक में आत्मनिर्भर बन गया है। भारत संचार निगम लिमिटेड जल्द देशभर में भारतीय तकनीक से बनी 4जी सेवा की शुरुआत करने जा रहा है। अभी चीन, दक्षिण कोरिया व अमेरिका जैसे चुने हुए देशों के पास ही 5जी तकनीक है। 4जी सेवा की तकनीक टेलीकॉम मंत्रालय के अधीनस्थ काम करने वाली एजेंसी सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डाट) ने विकसित की है। 5जी तकनीक का विकास देश की 11 संस्थाओं ने मिलकर किया है और इनमें देश के आठ आईआईटी शामिल हैं। भारत के पास अपना 4जी होना जरूरी था क्योंकि 4जी पर ही 5जी का निर्माण होता है। पिछले साल जुलाई में 4जी सेवा तकनीक को विकसित करने का काम शुरू किया गया था और एक साल से भी कम समय में यह काम पूरा कर लिया गया। उन्होंने बताया कि घरेलू 4जी तकनीक के इस्तेमाल से अगले साल मध्य तक एक लाख 2जी साइट्स को अपग्रेड किया जाएगा। यह काम बीएसएनएल करेगी। उन्होंने बताया कि अगले साल आखिर तक देश के सभी 2जी यूजर्स को 4जी में अपग्रेड किया जा सकता है। घरेलू तकनीक विदेशी 4जी सेवा तकनीक के मुकाबले सस्ती है। वैष्णव ने बताया कि अभी 4जी तकनीक के लिए एक ही कंपनी के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना होता है। सी-डाट की तकनीक वर्चुअल है जिसमें हार्डवेयर किसी एक कंपनी का हो सकता है और सॉफ्टवेयर किसी अन्य कंपनी का। इससे लागत कम होगी और उपभोक्ताओं को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। भविष्य में भारत 4जी तकनीक का निर्यात भी किया जा सकेगा और हम अब 4जी व 5जी तकनीक के लिए किसी अन्य देश के मोहताज नहीं रहेंगे।

# अंतर्मन का राजयोग जोड़ता है परमात्मा से!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

**(योग दिवस पर विशेष)**

जब हम आत्म स्वरूप में रहकर परमात्मा को याद करते है ,तब हमारी आत्मा का कनेक्शन परमात्मा से जुड़ जाता है,इसी रूहानी आत्मा-परमात्मा के मिलन की विधि को राजयोग कहा जाता है।राजयोग एक ऐसी चमत्कारी अध्यात्म से जुड़ी रूहानी साधना है, जो न सिर्फ तन- मन को शुद्ध करती है बल्कि राजयोग के माध्यम से आत्मा को पवित्र कर परमात्मा से मिलन मनाने की एक पावन युक्ति भी है। योगाभ्यास से शारिरिक व्यायाम व प्राणायाम कर हम अपने तन- मन को निरोगी बना सकते है।लेकिन राजयोग आत्मिक शांति का साधन है।अगर हम शारिरिक व्यायाम व योगासन करना चाहे तो उसका अनुकूल समय सूर्योदय व सूर्यास्त काल है। शारिरिक व्यायाम व योगासन हमेशा खाली पेट करना चाहिए।यह भी मनुष्य के लिए हितकारी है। योग शांत वातावरण और स्वच्छ स्थान में ही करना चाहिए।योग के समय अपना पूरा ध्यान अपने योग अभ्यास पर ही केंद्रित रखना चाहिए।योग अभ्यास धैर्य और दृढ़ता से करें,तो बेहतर परिणाम मिल सकते है।योग के नाम पर अपने शरीर के साथ ज़बरदस्ती बिल्कुल ना करें ,अपनी सामर्थ्य के अनुसार ही भौतिक योग करे।

शारीरिक और मानसिक उपचार योग के सबसे अधिक ज्ञात लाभों में से एक है। यह इतना शक्तिशाली और प्रभावी इसलिए है क्योंकि यह सद्भाव और एकीकरण के सिद्धांतों पर काम करता है।योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है, ख़ास तौर से वहाँ जहाँ आधुनिक विज्ञान आजतक उपचार देने में सफल नहीं हुआ है। एचआईवी पर योग के प्रभावों पर अनुसंधान वर्तमान में आशाजनक परिणामों के साथ चल रहा है। चिकित्सा वैज्ञानिकों के अनुसार, योग चिकित्सा तंत्रिका और अंतःस्रावी तंत्र में बनाए गए संतुलन के कारण सफल होती है जो शरीर के अन्य सभी प्रणालियों और अंगों को सीधे प्रभावित करती है।

अधिकांश लोगों के लिए,योग केवल तनावपूर्ण समाज में स्वास्थ्य बनाए रखने का मुख्य साधन हैं। योग बुरी आदतों के प्रभावों को उलट देता है -- जैसे कि सारे दिन कुर्सी पर बैठे रहना, मोबाइल फोन को ज़्यादा इस्तेमाल करना, व्यायाम ना करना, ग़लत ख़ान-पान रखना इत्यादि।इनके अलावा योग के कई आध्यात्मिक लाभ भी हैं। यह स्वयं योग अभ्यास करके हासिल किया जा सकता है। हर व्यक्ति को योग अलग रूप से लाभ पहुँचाता है। योग को अवश्य अपनायें और अपनी मानसिक, भौतिक, आत्मिक और अध्यात्मिक सेहत में सुधार लायें।योग भारतीय संस्कृति और जीवन शैली का एक अभिन्न अंग है इसके महत्व और वैज्ञानिकता को पूरे विश्व द्वारा स्वीकार किया जाना देश के लिये एक गर्व की बात है। भारतीय सभ्यता, संस्कृति और जीवन शैली के अभिन्न अंग योग की महत्व तथा वैज्ञानिकता को पूरा विश्व स्वीकार कर चुका है। 'योग' सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन जीने की सर्वश्रेष्ठ कला है।यह धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक विशुद्ध विज्ञान है। योग सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति है । जो हमारे शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है।योगाभ्यास से संयम, धर्य और सहिष्णुता जैसे मानवीय गुण पोषित होते हैं. यह मानसिक भटकाव तथा तनाव से मुक्ति का सबसे कारगर उपाय है। योग में 'संभावनाओं को संभव' में परिवर्तित करने की जादुई शक्ति निहित है। विज्ञान व तकनीकि के इस युग में इंसान कई तरह के मानसिक दबाव के बीच जीने को मजबूर होकर तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो रहा है । ऐसे में योग ही एक ऐसा निर्विवादित और शुद्ध उपाय है जो सहज व स्वस्थ जीवन जीने की शक्ति दे सकता है। योग क्रिया का पूरा फायदा मिले ,इसके लिए जरूरी है कि योग सही तरीके से किया जाए।सुबह-शाम कभी भी आसन कर सकते हैं लेकिन भरपेट खाना खाने के 3-4 घंटे बाद, हल्के स्नैक्स के घंटे भर बाद, चाय, छाछ या तरल चीजें लेने के आधे घंटे बाद और पानी पीने के



10-15 मिनट बाद आसन करना अच्छा रहता है। 3 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति योग कर सकता है। 12 साल तक के बच्चों को हल्के योगासन और प्राणायाम करना चाहिए। महिलाओं को गर्भावस्था में कठिन आसन व कपालभांति आदि नही करना चाहिए। महिलाएं मासिक धर्म के समय, नॉर्मल डिलिवरी के 3 महीने बाद तक और ऑपरेशन के 6 महीने बाद तक योग नही करना चाहिए। इसके अलावा कमर दर्द हो तो आगे न झुकें, अगर हर्निया हो तो पीछे न झुकें। दिल से जुड़ी बीमारी वालों को योगासन शुरू करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।खुले में ताजा हवा में योग करना बेहतर है।जरूरी है कि योग के समय वातावरण शांत रहे, मन को शांत देने वाला संगीत हल्की आवाज में बजा सकते हैं।

जमीन पर मैट, दरी या कालीन बिछाकर योग करना चाहिए। थोड़े ढीले कॉटन के कपड़े पहनना बेहतर रहता है। टी-शर्ट व ट्रैक पैंट आदि में भी कर सकते हैं।योगासन आंखें बंद करके करना चाहिए। इससे योग और भी प्रभावशाली हो जाता है।लेकिन राजयोग आंखे खोलकर करना चाहिए। ध्यान योग में शरीर के उन हिस्सों पर ध्यान लगाएं, जहां आसन का असर हो रहा है, जहां दबाव पड़ रहा है। भाव से करेंगे तो प्रभाव जल्दी और ज्यादा होगा।योग में सांस लेने और छोड़ने की बहुत अहमियत है। जब भी शरीर फैलाएं, पीछे की तरफ जाएं, सांस भरते हुए करें और जब भी शरीर सिकुड़े या आगे की ओर झुकें, सांस छोड़ते हुए झुकें। सांस नाक से लें, मुंह से नहीं।योग करते हुए शरीर को शिथिल रखें और झटके से बचाएं। झटके से आसन न करें। उतना ही करें, जितना आसानी से कर पाएं। धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाएं।योग तत्वत- बहुत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित एक आध्यात्मि विषय है जो मन एवं शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर ध्यान देता है। यह स्वस्थ जीवन - यापन की कला एवं विज्ञान है। योग शब्द संस्कृत की युज धातु से बना है जिसका अर्थ जुड़ना या एकजुट होना या शामिल होना है। योग से जुड़े ग्रंथों के अनुसार योग करने से व्यक्ति की चेतना ब्रह्मांड की चेतना से जुड़ जाती है जो मन एवं शरीर, मानव एवं प्रकृति के बीच परिपूर्ण सामंजस्य का द्योतक है। आधुनिक वैज्ञानिकों के अनुसार ब्रह्मांड की हर चीज उसी परिमाण नभ की अभिव्यक्ति मात्र है। जो भी अस्तित्व की इस एकता को महसूस कर लेता है उसे योग में स्थित कहा जाता है और उसे योगी के रूप में पुकारा जाता है जिसने मुक्त अवस्था प्राप्त कर ली है जिसे मुक्ति, निर्वाण या मोक्ष कहा जाता है। इस प्रकार, योग का लक्ष्य आत्म-अनुभूति, सभी प्रकार के कष्टों से निजात पाना है जिससे मोक्ष की अवस्था या कैवल्य की अवस्था प्राप्त होती है। जीवन के हर क्षेत्र में आजादी के साथ जीवन - यापन करना, स्वास्थ्य एवं सामंजस्य योग करने के प्रमुख उद्देश्य होंगे। योग का अभिप्राय एक आंतरिक विज्ञान से भी है जिसमें कई तरह की विधियां शामिल होती हैं जिनके माध्यम से मानव इस एकता को साकार कर सकता है और अपनी नियति को अपने वश में कर सकता है। चूंकि योग को बड़े पैमाने पर सिंधु - सरस्वती घाटी सभ्यता, जिसका इतिहास 2700 ईसा पूर्व से है, के अमर सांस्कृतिक परिणाम के रूप में माना जाता है, इसलिए इसने सिद्ध किया है कि यह मानवता के भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों तरह के उत्थान को संभव बनाता है।

## खुद में करो भगवान के दर्शन

**यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव**
**। येन भूतान्यशेषाणि द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि।।**

अर्थात- हे पांडव! जिस ज्ञान को जानकर फिर तुम मोह में नहीं पड़ोगे, उस ज्ञान से तुम यह जान सकोगे कि जो कुछ भी है वह उसी परमात्मा की वजह से ही है। गुरु, शिष्य को ज्ञान नहीं देता, बल्कि शिष्य की श्रद्धा गुरु से ज्ञान लेती है। उस ज्ञान से साधक का नज़रिया बदलने लगता है। उसमें काम, प्रोध, लोभ, मोह जैसी बुराइयां कमजोर पड़ने लगती हैं। ज्ञान बढ़ता जाता है और अज्ञान खत्म होता जाता है। धीरे-धीरे शिष्य की सभी बुराइयां खत्म होने लगती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ज्ञान की अग्नि मन में पड़े संस्कारों के बीज भी जला डालती है और मोह आदि विकार भस्म हो जाते हैं। इसलिए आत्मज्ञान हो जाने के बाद इंसान को मोह परेशान नहीं करता, क्योंकि यह मोह ही था, जिसके कारण अर्जुन कौरव सेना से युद्ध नहीं कर रहे थे। आगे भगवान कहते हैं कि इस आत्मज्ञान को पाकर पहले तुम अपने में सभी पुराने कर्मों को देखोगे और फिर उनको मुझ में देखोगे। यानी ज्ञान हो जाने के बाद साधक को पहले भगवान अपने भीतर दिखता है, फिर वही भगवान सब जगह दिखाई पड़ने लगता है। वरना हम मूर्ति में तो भगवान को देख लेते हैं, लेकिन अपने भीतर नहीं देख पाते, जबकि प्रक्रिया इससे उलट है। पहले अपने में भगवान का दर्शन करो, फिर सब में उसी को ही देखो।

## मस्तिष्क और मन को निरोग रखता है योग

प्रभुनाथ शुक्ल

**(विश्वयोग दिवस 21 जून पर विशेष)**

योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है। योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। 21 जून यानी की आज विश्व योग दिवस है। पहली बार यह 2015 को मनाया गया। यह भारत के प्रयास से ही सफल हो सका है। पूरी दुनिया आज योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं।

भगवान कृष्ण ने गीता में स्वयं कहा है कि 'योगः कर्मसु कौशलम' यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि 'योगस्थः कुरु कर्माणि' इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर 2014 को इसका प्रस्ताव दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे



भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक संमृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने है। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं। भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। वह योग करते हुए अपने कई वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं।

# नाद योग शब्द ब्रह्मा की साधना

### सूडोकु नवताल- 6108

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -6107 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

शिवकुमार शर्मा

**(-विश्व योग दिवस पर विशेष-)**

**समत्वं योग उच्यते**

आज के दौर में भागमभाग, अफरातफरी भरी अस्त व्यस्त जीवनचर्या के कारण बदतर होती सेहत को लेकर हर व्यक्ति चिंतित है। इसका कारण है ,ऋषियों एवं मनीषियों की वैज्ञानिक शोध संपदा को विस्मृत करते जाना।जीवन में युक्ताहारविहार,संयम -नियम( समत्वं योग उच्यते )भूलते जाने से असंतुलन बढ़ रहा है। हिंदुस्तान की सनातन योग विद्या दूसरे देश अपनाने लगे हैं योग इहलौकिक जीवन और पारलौकिक दोनों ही दृष्टि से आवश्यक है ।जीवन शैली में शामिल करना हमारा परम कर्तव्य है।÷जुगति से जोगी हजार साल जीवे÷ तो हमको कम से कम उसका दशमाशं तो अपना जीवन काल निर्धारित करना ही चाहिए।

**यह अद्भुत संयोग है कि भारत केप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव अनुसार पहली बार विश्व स्तर पर योग दिवस आयोजन 21 जून 2015 को 192 देशों के द्वारा एक साथ किया गया था। 21 जून को ही विश्व संगीत दिवस भी है ।नाद योग शब्द ब्रह्म की साधना है ।भगवान शिव को योग के जनक गुरु या आदियोगी कहा जाता है उनके साथ ही भगवान श्री कृष्ण को भी योगेश्वर माना जाता है ।महर्षि पाणिनि अष्टाध्यायी में लिखते हैं-

**%नृत्यावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपंचवारम्।उद्धर्तुकामःसनकादिर्का सद्धान एतद्विमर्शे शिवसूत्रजालम्।।%**

नृत्य की समाप्ति के अवसर पर भगवान शिव ने अपने डमरू को विशेष नाद में 14 बार, 14 प्रकार की आवाज में बजाया उससे जो सूत्र बजते हुए निकले उन्हें ÷शिव सूत्र÷ या ÷माहेश्वर सूत्र÷ के नाम से जाना जाता है ।यह सूत्र संस्कृत व्याकरण के आधार हैं जो आदि योगी का संगीत-नृत्य है। श्री कृष्ण को योगेश्वर कहा गया है( गीता में कर्म योग,भक्ति योग एवं ज्ञानयोग का उपदेश)

**÷यत्र योगेश्वर कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।**
**तत्रश्रीर्विजय भूतिध्रुवा नीतिर्मतिर्मम।।**

श्रीमद्भगवतगीता के चौथे अध्याय के पहले श्लोक में भगवान श्री कृष्ण ने कहा - मैंने इस अमर योग विद्या का उपदेश सूर्यदेव विवस्वान को दिया और विवस्वान ने मनुष्यों के पिता मनु को उपदेश दिया और मनु ने इसका उपदेश इक्ष्वाकु को दिया। वर्तमान मनु की आयु 30 करोड़ 53लाख वर्ष अनुमानित की जाती है जिसमें से 12 करोड 4लाख वर्ष व्यतीत हो चुके हैं यह मानते हुए कि मनु के जन्म के पूर्व भगवान ने अपनी शिष्य सूर्यदेव विवस्वान को गीता सुनाई ,मोटा अनुमान यह है कि गीता कम से कम 12 करोड़ 4लाख वर्ष पहले कही गई और मानव समाज में यह 20लाख वर्षों से विद्यमान रही। इसे भगवान ने लगभग

5 हजार वर्ष पूर्व अर्जुन से पुनः कहा। वैदिक काल में भी इसका प्रमाण मिलता है हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के उत्खनन में प्राप्त योग मुद्राओं से ज्ञात होता है कि योग का चलन पाँच हजार वर्ष पहले भी रहा है।

**योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनञ्जय ।**
**सिद्धय सिद्धयोः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।**
**(श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय-2,श्लोक 48)**

हे अर्जुन! जय अथवा पराजय की समस्त आसक्ति त्याग कर समभाव से अपना कर्म करो ।ऐसी समता योग कहलाती है।आशक्ति रहित होकर कर्म करते रहना ही निष्काम कर्मयोग है।कर्मण्येवाधिकारस्ते......।

**बुद्धि युक्तो जहातीह उभे सुकृत दुष्कृते ।**
**तस्मद्योगाय युजस्व योगःकर्मशु कौशलम् ।।2/50।।**

समत्व बुद्धि युक्त पुरुष जहां (इस जीवन में )पुण्य और पाप दोनों कर्मों को त्याग देता है इसलिए तुम योग से युक्त हो जाओ । कर्मों में कुशलता योग है। अमरकोश ,सांख्यदर्शन, महर्षियाज्ञवल्क्य, व्यास,पाणिनी , मैत्रेयोपनिषद, योगशिखोपनिषद्, लिंग पुराण ,अग्नि पुराण, स्कंद पुराण और हठयोग प्रदीपिका संस्कृत हिन्दी कोश में योग की परिभाषाएं विस्तार से देखने को मिल जाएगी। महर्षि पतंजलि को योग का प्रवर्तक माना जाता है उनके द्वारा लिखित योग दर्शन में तीन भागों में अष्टांग योग का वर्णन दिया गया है समाधि पाद ,साधन पाद और विभूति पाद। योग दर्शन ,समाधि पाद के दूसरे सूत्र में कहा गया है योगश्चित्तवृत्ति निरोधः इसके बाद का सूत्र तदाद्रष्टु स्वरूपे अवस्थानम् चित्त की वृत्तियों ( प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा एवं स्मृति)का निरोध( सर्वथा रुक जाना )योग है ।

## काबुल के गुरुद्वारे पर हमला

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

काबुल के कार्ते-परवान में गुरुद्वारे पर हुए हमले ने अफगान सिखों को हिलाकर रख दिया है। जिस अफगानिस्तान के शहरों और गांवों में लाखों सिख रहा करते थे, वहां अब मुश्किल से डेढ़-दो सौ परिवार बचे हुए हैं। उनमें से भी 111 सिखों को भारत सरकार ने इस हमले के बाद तुरंत वीज़ा दे दिया है। अब से 50-55 साल पहले जब मैं काबुल विश्वविद्यालय में अपना शोधकार्य किया करता था, तब मैं देखता था कि काबुल, कंधार, हेरात और जलालाबाद के सिख सिर्फ मालदार व्यापारी ही नहीं हुआ करते थे, काफी शानदार और सुरक्षित जीवन बिताया करते थे। औसत पठान, ताजिक, उजबेक और हजारा लोग सिखों को बहुत ही सम्मान की नजर से देखते थे। सिखों को भी अपने अफगान होने पर बड़ा नाज़ हुआ करता था। गज़नी में एक वयोवृद्ध सिख से मैंने पूछा था कि आप कब से यहां रहते हैं तो उन्होंने तपाक से कहा कि जब से अफगानिस्तान बना, तभी से! ऐसे देशभक्त सिखों को अफगानिस्तान से भागना पड़ गया है, यह क्या शर्म की बात नहीं है? लेकिन यह संतोष और आश्चर्य का विषय है कि जिन तालिबान को अत्यंत कट्टरपंथी माना जाता है, उनकी पुलिस तो उस गुरुद्वारे की रक्षा कर रही थी लेकिन खुरासानी इस्लामिक स्टेट के आतंकवादी गुरुद्वारे पर हमला कर रहे थे। हमले में एक सिख और एक तालिबान सिपाही मारा गया। इसके पहले जलालाबाद और हर राई साहब के गुरुद्वारों पर हुए हमलों में दर्जनों लोग मारे गए थे। तालिबान सरकार ने उक्त हमले में मृतकों के परिवारों को एक-एक लाख रु. और गुरुद्वारे के पुनरोद्धार के लिए डेढ़ लाख रु. दिए हैं। ये तथ्य बहुत ही गौर करने लायक हैं। क्या पाकिस्तान और बांग्लादेश की सरकारों को भी यही नहीं करना चाहिए? इससे यह भी जाहिर होता है कि भारत के प्रति तालिबान शासन के मन में कितनी सदभावना है। भारत सरकार ने भी तालिबान शासन के दौरान अफगान जनता की मदद के लिए हजारों टन गेहूं और दवाइयां काबुल भिजवाईं। भारत सरकार ने अपना एक प्रतिनिधि मंडल विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव जेपी सिंह के नेतृत्व में काबुल भेजा था ताकि अन्य 13 राष्ट्रों के राजदूतावासों की तरह हमारा राजदूतावास भी दुबारा सक्रिय हो सके लेकिन अब इस दुर्घटना के बाद भारत को ज़रा ज्यादा सतर्क होना पड़ेगा। गुरुद्वारे पर यह जो हमला हुआ है, वह भाजपा प्रवक्ता के पैगंबर संबंधी बयान के बहाने हुआ है लेकिन 2018 और 2020 के हमलों के वक्त तो ऐसा कुछ नहीं था।

# अग्निपथ योजना के विरोध में भारत बंद को लेकर स्टेशन व बस स्टैंड पर पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा



**मुरैना।** सोशल मीडिया के माध्यम से मुरैना पुलिस एवं जीआरपी तथा आरपीएफ पुलिस छात्र द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को देखते हुए सोमवार की सुबह से ही अलर्ट हो गई। मुरैना रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया तथा पुलिस द्वारा आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर पैनी नजर रखी गई, जिसके चलते मुरैना मुख्यालय पर किसी भी अप्रिय वारदात का समाचार नहीं मिला है। अग्निपथ योजना का विरोध जिलेभर में छात्रों द्वारा किए जाने की संभावना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने के निर्देश पहले ही दे दिए गए थे, जिसके चलते कहीं भी कोई छात्र प्रदर्शन करने नहीं आया। उल्लेखनीय है कि बिहार व बंगाल में हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए रेलवे ने सोमवार को भारत बंद आव्हान के चलते सभी रेलवे स्टेशनों पर पुलिस अधिकारियों को चौकसी और सतर्कता बरतने के आदेश दिए। स्टेशन पर निगरानी के लिए जीआरपी-आरपीएफ पूरे दिन संयुक्त रूप से चेकिंग करते नजर आए, वहीं मुख्यालयों एवं तहसीलों पर भी पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। ज्ञात हो कि बिहार में हिंसक घटनाओं का असर रेलवे पर पड़ा। पहले बिहार बंद और भारत बंद से रेलवे में सरगर्मी बढ़ी हुई है। सोमवार को भारत बंद के आव्हान के चलते रेलवे में पुलिस फोर्स सुबह से ही अलर्ट हो गया। स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म से लेकर ट्रेनों में तलाशी अभियान चलाया गया। अग्निपथ आंदोलन को देखते हुए लगातार ट्रेनें रद्द की जा रही है।

## गश्त के दौरान आबकारी विभाग ने जप्त की अवैध शराब

**मुरैना।** पंचायत चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुरैना बक्की कार्तिकेयन के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी मुरैना निधी जैन के नेतृत्व मे जिले के अंबाह् क्षेत्र मे सघन गश्त की गई। मुखबिर से मिली जानकारी पर आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम पालि थाना महुआ में राकेश तोमर पिता जय सिंह के रिहायशी मकान मे दबिश दी। आरोपी के मकान से 5 पेटी लमाउंट बीयर कुल 120 बीयर, 2 पेटी पावर कुल बीयर कुल 24 बोतल, 3 पेटी प्लेन देशी मदिरा कुल 150 पाव, 2 पेटी देशी मसाला कुल 100 पाव एवं 10 पाव देशी मदिरा जप्त की। आरोपी के विरुद्ध म. प्र आबकारी आधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके अलावा ग्राम पालि में आरोपी राजकुमार तोमर 20 पाव देशी मदिरा एवं ग्राम धर्मगढ में आरोपी अमित तोमर से 15 पाव देशी मदिरा के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध म. प्र आबकारी आधिनियम 1915 धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कार्यवाही के दौरान प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी विजय सेन, उप निरीक्षक सुनील सेमर, प्रधान आरक्षक दिलीप भदोरिया, कमलेश शर्मा, महेश शर्मा, अशोक शर्मा, शैलेंद्र बरेलिय, पंकज राणावत आरक्षक सम्मिलित रहे।




## परिवार नियोजन की सेवायें सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर मुत

**मुरैना।** सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता ने कहा है कि परिवार नियोजन की सेवायें सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर मुफ्त में दी जाती है। परिवार को सुखी, स्वस्थ्य रखने के लिये परिवार नियोजन कार्यक्रम के उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण द्वारा कुल प्रजनन दर 2025 तक 2.1 तक कम करना है। डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि गर्भ निरोधक साधनों का उपयोग आवश्यक है, जिसमें इंजेक्शन, अंतरा छाया गोली, आई.यू.सी.डी., पी.पी.आई.यू.सी.डी, स्थाई साधन में एल.टी.टी., सी.टी.टी, पुरूष नसबंदी आदि को बढ़ावा देना है। दंपतियों को खुशहाल और संपन्नतापूर्ण सुरक्षित कराने हेतु पात्र दंपतियों को परिवार नियोजन की सेवायें जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करना है। जिससे जनसमुदाय में परिवार नियोजन को बढ़ावा दिया जाये। आर.एम.ओ डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता ने अपील की है कि परिवार नियोजन की सेवायें सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर मुक्त में दी जाती है।

## नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिये ईव्हीएम मशीनों का रेण्डमाईजेशन होगा 22 जून को

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित किया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन-2022 के प्रथम एवं द्वितीय चरण के लिये ईव्हीएम मशीनों का रेण्डमाईजेशन 22 जून को प्रातः 11 बजे होगा। रेण्डमाईजेशन कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष मुरैना में किया जायेगा।

## 8 नगरीय निकायों के अभ्यर्थियों की बैठक 23 जून को

**मुरैना।** नगरीय निर्वाचन 2022 में मुरैना जिले की 8 नगरीय निकायों में खड़े हुये उम्मीदवारों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 23 जून को दोपहर 2 बजे टाउनहॉल मुरैना में रखी गई है। बैठक में पोरसा, अम्बाह, जौरा, कैलारस, सबलगढ़, झुण्ड़पुरा, बानमौर में पार्षद पदों के लिये एवं नगर पालिक निगम मुरैना में महापौर तथा पार्षदों के लिये खड़े हुये उम्मीदवार उपस्थित रहें।

## प्रथम चरण का प्रचार मतदान के 48 घंटे पूर्व होगा बंद

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के तहत प्रथम चरण का मतदान 25 जून को अम्बाह, पोरसा विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों में होगा। प्रथम चरण के लिये प्रचार-प्रसार मतदान के ठीक 48 घंटे पूर्व बंद करना होगा।

# बारिस के बाद बदला मौसम का मिजाज, आमजन को मिली उमस भरी गर्मी से राहत

**मुरैना।** नौतपा खत्म होने के बाद से बारिश का इंतजार हो रहा था। धूप और गर्मी से लोगों को बुरा हाल था। शनिवार व रविवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। इन दिनों सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए थे और और झमाझाम बारिश हुई। बारिश ने लोगों को उमस व गर्मी से राहत दिलाई।

बारिश के चलते तापमान का पारा भी नीचे आ गया। मुरैना में मानसून के पहुंचने में अभी समय है, लेकिन इस बारिश को प्री मानसून बारिश के रूप में देखा जा रहा है। नवतपा खत्म होने के बाद भी जून के महीने में गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। बीते दिनों में एक बार भी अच्छी बारिश नहीं होने के कारण गर्मी से राहत नहीं मिल सकी है। शनिवार व रविवार को क्षेत्र के मौसम में बदलाव देखने को मिला। तेज धूप व गर्मी की मार झेल रहे लोगों को बारिश से राहत मिली। बारिश की राह देख रहे लोगों को इंतजार खत्म हुआ। प्री मानसून बारिश ने मौसम से तापमान में गिरावट आई। सोमवार को भी सुबह से आसमान में हल्के बादल छाए रहे। गत रविवार की दोपहर आसमान में फिर से काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। साथ ही आसमान में बिजली की चमक और गर्जना भी लोगों को लंबे समय बाद सुनने को मिले। थोड़ी देर झमाझम बारिश के बाद काफी देर तक आसमान में बादल गरजते रहे और हल्की बारिश होती रही। बारिश के साथ हवा के चलते से तापमान में भी कमी आई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।



### शुरू हुए कृषि कार्य


प्री मानसून बारिश होने के साथ ही कृषि कार्य में भी तेजी आ गई। बारिश होने के बाद किसानों ने खाद-बीज की खरीददारी शुरू कर दी। बारिश होने के बाद किसान अब कृषि कार्य में जुट गए हैं।

# वर्षात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव

**मुरैना।** सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि वर्षात के मौसम में बीमारियां फैलने का खतरा अधिक रहता है। इस मौसम में होने वाली बीमारियां खतरनाक साबित हो सकती है। इससे सावधानी बरतने की आवश्यकता है, लापरवाही जानलेवा हो सकती है।

### वर्षात के मौसम में होने वाली बीमरियां

डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि सर्दी, जुखाम, बुखार, मलेरिया, चिकनगुनिया, हैजा एवं टाइफाइड हो सकते है। सर्दी, जुखाम, बुखार से बचने के लिए बारिश में ज्यादा देर तक न भीगे, भीगने से बचे, भीगने पर शरीर को साफ कपड़े से पौछे तुरंत कपड़े बदले। मलेरिया से बचने के लिये अपने घर के आसपास गड्डा न होने दें, अगर गड्डा हो तो, उसमें पानी इकठा न होने दें। हैजा से बचने के लिए घर के आसपास सफाई रखें, गंदा पानी उपयोग में न लायें, पानी को छानकर या उबालकर उपयोग करें। टाइफाइड खतरनाक बीमारी में से एक है। यह संक्रमित जल व दूषित भोजन से होता है, इस बीमारी में तेज बुखार आता है एंव कई दिनों तक रहता है। इस बीमारी का संक्रमण रोगी के पित्ताशय में रहता है, टाइफाइड होने वाले रोगी से दूर रहना चाहिए और चिकित्सक से दवा लेनी चाहिए। आरएमओ डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता आर.एम.ओ ने आम जनता से अपील की है कि वर्षात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव जरूरी है। अगर बचाव न किया जाये तो यह खतरनाक हो सकती है। इसलिए कोई भी बीमारी होने पर चिकित्सक को अवश्य दिखायें, जिससे रोग की पहचान की जा सके।



# केबल ऑपरेटर स्थानीरा स्तर पर कोई भी कार्राक्रम व विना अनुमति नहीं कर सकेगा प्रसारित

### - दोषी पाये जाने पर दण्डात्मक कार्रवाही होगी

**मुरैना।** केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) 1995 के अंतर्गत केवल सेवा का आशय किसी भी प्रसारण टेलीविजन, सकेतों को तारों से पुनः संचार सहित कार्यक्रमों का केवल द्वारा प्रसारण करना है। कोई भी स्थानीय केबल नेटवर्क ऑपरेटर स्थानीय स्तर पर कोई भी कार्यक्रम, न्यूज आदि को तैयार करना नेशनल ब्राडकास्टिंग स्टेण्डर्ड ऑथोरिटी (एनबीएसए) की अनुमति के बिना संचालित एवं प्रसारित नहीं सकता है। केबल टेलीविजन विनियमन अधिनियम 1995 की धारा 6 यह भी उपबंधित करती है कि कोई भी व्यक्ति केवल सेवा द्वारा किसी विज्ञापन का प्रसारण नहीं करेगा, जब तक की ऐसे विज्ञापन सहिता के अनुरूप न हो। केबल टेलीविजन विनियमन अधिनियम 1995 की धारा 11 के अनुसार अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पदाविहित अधिकारी द्वारा केवल टेलीविजन नेटवर्क प्रचालन के लिए केबल ऑपरेटर द्वारा प्रयुक्त उपकरणों को जप्त किया जा सकेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) बक्की कार्तिकेयन ने उपरोक्त जानकारी देते हुये बताया कि केबल टेलीविजन विनियमन अधिनियम की धारा 12 व 13 में उपकरणों के अभिग्रहण जप्ती व दंड का प्रावधान है। केबल टेलीविजन विनियमन अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत उपबंधों के उल्लंघन के प्रथम बार दोषी पाये जाने पर दो वर्ष की सजा या एक हजार रुपये का जुर्माना या उपरोक्त दोनों कार्यवाही की जा सकती है। इसके उपरांत प्रत्येक बार दोषी पाये जाने पर पांच वर्ष की सजा व पांच हजार रूपये का अर्थदंड का प्रावधान है।



# योगाभ्यास आज, नेहरू युवा केन्द्र ने बच्चों को कराये योगासन



**मुरैना।** खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केन्द्र मुरैना द्वारा 20 जून को पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एवं 21 जून को होने वाले योग दिवस कार्यक्रम के पूर्व छात्र-छात्राओं को योगासन भी करायें। नेहरू युवा केन्द्र मुरैना के उपनिदेशक राकेश सिंह तोमर द्वारा योगाशसन कराकर कार्यक्रम के बारे में विस्तार से युवाओं को बताया। अभ्यास कार्यक्रम में योग गुरु लोकेन्द्र शर्मा ने बच्चों को योग के बारे में बताया और योग से क्या-क्या फायदे हैं, इसके बारे में भी जानकारी दी। इसके बाद योग गुरु ने बच्चों को प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया। और बाद में नेहरू युवा केंद्र मुरैना के उपनिदेशक राकेश सिंह तोमर ने बताया कि आज 21 जून को नेहरू युवा केंद्र एवं जिला प्रशासन के सहयोग से नगर निगम, खेल विभाग शिक्षा विभाग के सहयोग से आज 21 जून को टाउन हॉल जीवाजी गंज मुरैना में सुबह 6 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग कार्यक्रम में भाग लें। कार्यक्रम में रामचंद्र तोमर, रामविलास शर्मा, अंकित भटेले, फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों उपस्थित थे।

## नगरीय निकायों में लगे मतदान दल (ई.डी.बी.) के माध्यम से अपना मतदान करें

**मुरैना।** आगामी नगर निगम के चुनाव के कार्य हेतु ड्यूटी पर लगे शासकीय अमलों को मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान किया गया है। इसमें ऐसे कर्मचारी जो कि नगर निगम के मतदाता हैं और उनको उनके निकाय में मतदान के दिवस चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। ऐसी स्थिति में वे चुनाव कर्तव्य मतपत्र (ई.डी.बी.) के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग करेंगें, ऐसा प्रावधान किया गया है। इसके लिये इन कर्मचारियों को प्रपत्र-19 पर आवेदन चुनाव के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्रस्तुत करना होगा। प्रपत्र-19 के साथ वोटर कार्ड अथवा बी.एल.ओ. द्वारा प्रदत्त मतदाता पर्ची की छायाप्रति संलग्न करनी होगी, ताकि मतदाता सूची में मतदाता भाग संख्यां एवं मतदाता क्रमांक एवं वार्ड क्रमांक की पुष्टी की जा सके। चुनाव कर्तव्य पर तैनात कर्मचारियों को प्रपत्र-19 (घ) प्रदाय किया जायेगा, जिसमें घोषणा पत्र होगा, जो राजपत्रित कार्यालय प्रमुख अथवा अन्य राजपत्रित अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित होना आवश्यक होगा। जिसको प्रपत्र-19 (ख) लिफाफे में रखकर प्रपत्र-19 (क) में मतपत्र के साथ में जमा किया जायेगा। घोषणा के अभाव में मतपत्र नहीं लिया जायेगा। कर्मचारी मतदान की सामग्री वितरण के केन्द्र पर अपना मतदान ई.डी.बी. के माध्यम से करेंगें।

# शांति भंग करने की इजाजत किसी को नहीं, चाहे वह नक्सली हो या अपराधी : मुख्यमंत्री श्री चौहान



## मध्यप्रदेश में 'लाल आतंक' पर बालाघाट पुलिस का प्रहार

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

बालाघाट में एक महिला समेत 3 नक्सली मुठभेड़ में ढेर, लाखों के थे इनामी, मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट में लाल आंतक पर बड़ा प्रहार किया है। जिले में पुलिस और नक्सलियों के मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर हो गए और कुछ नक्सली मौके से भागने में सफल हो गए।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिलने पर बालाघाट के लांजी में दोनों में क्रॉस फायरिंग हुई। इस फायरिंग में 3 नक्सली ढेर हुए और कुछ नक्सली मौके से भागने में कामयाब हो गए। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में नक्सलियों का मूवमेंट बढ़ा है। इस कार्रवाई में आईजी संजय सिंह एवं एसपी सौरभ कुमार शामिल थे। पुलिस अधिकारी अभी भी जंगल में मौजूद है। लांजी थाना अंतर्गत रिसेवाड़ा के पास कादला के जंगल में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। बालाघाट पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के नेतृत्व में बड़ी सफलता मिली है। महिला सहित तीन नक्सलियों की मौत हुई है। बॉडी कवर करने में पुलिस महकमा जुटा हुआ है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार नक्सलियों को नेस्तनाबूद करने में जुटी हुई है। आज मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की सीमा पर लाँजी-बहेला चौकी-लोढ़ागी के जंगलों में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में हमारे जवानों और



पुलिसकर्मियों ने तीन इनामी हार्ड कोर नक्सलियों को मार गिराया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा है कि- ÷जान पर खेलकर नक्सलियों को मार गिराने वाले पुलिसकर्मियों को ऑउट ऑफ टर्न प्रमोशन और गैलेंट्री अवार्ड दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुलिसकर्मी और जवानों की कर्त्तव्यनिष्ठा और साहस की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश को आप जैसे साहसी वीरों पर गर्व है।%%

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश शांति का टापू है और इसकी शांति भंग करने की इजाजत किसी को नहीं है, चाहे वह नक्सली हो या कोई अपराधी हो। हमारी सरकार सज्जनों के लिए फूल से भी कोमल और दुर्जनों के लिए वज्र से ज्यादा कठोर है।

इस कार्यवाही को एएसपी बालाघाट ने लीड किया। उनके साथ हॉक फोर्स और मध्यप्रदेश पुलिस के जवान भी मौजूद थे। एसपी बालाघाट रेंज और सीओ हॉक फोर्स ने पूरी कार्यवाही का मार्गदर्शन किया। इस मुठभेड़ में नक्सलवाद से जुड़े एक डीसीएम (डिवीजनल कमेटी मेम्बर) और दो एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर) मनोज और रामे (महिला), जिन पर 30 लाख रूपए से अधिक का इनाम है, ढेर हो गए। इनके पास से एके-47, थ्री नॉट थ्री और 12 बोर की एक्शन गन बरामद हुई है।

## राजमाता विजय राजे सिंधिया महिला क्रिकेट एकेडमी के कोच संजय चौहान के प्रयास हुए सफल शिवपुरी शहर की तीन लड़कियों का हुआ सिलेक्शन

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिला क्रिकेट एसोसिएशन एवं राजमाता विजयराजे सिंधिया क्रिकेट एकेडमी की तीन महिला खिलाड़ियों ने वेस्ट जोन जीवाजी यूनिवर्सिटी में तीनो महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ है राजनंदनी रावत,प्रज्ञा मांझी,प्राची शर्मा इन्होंने शिवपुरी शहर का नाम पूरे मध्यप्रदेश में रोशन कर दिया तीनो खिलाड़ियों की खोज का श्रेय कोच सतीश गुप्ता कोच संजय सिंह चौहान ने की तेरे माध्यम से ही शहर के यूपीए जो क्रिकेट के खेल में युवकों से बराबर टक्कर ले रही हैं इनके चयन का श्रेय इनके खोज को पूरी तरह जाता है जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सांखला ,उस्ताद छोटे खान ,उमेश शर्मा ,शशि शर्मा, अरुण त्रिवेदी, समीर खान, कपिल यादव, कमल बाथम शेरा, गिरीश मिश्रा मामा ,गोपाल गोयल, महा आर्यमन ब्लड डोनेशन ग्रुप ,योगेश जैन आदित्य चंदेल, गोलू पठान ,असलम पठान ,अरमान पठान ,आकाश अग्रवाल सभी के कोच संजय चौहान ने तीनों महिला खिलाड़ियों बधाई एवं आशीर्वाद देकर तीनों क्लास खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना का आशीर्वाद दिया



## प्रेक्षक श्री अनूप तिवारी ने नगरपालिका परिषद शिवपुरी के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की कार्यवाही का अवलोकन किया



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** प्रेक्षक श्री अनूप तिवारी द्वारा नगरपालिका परिषद शिवपुरी के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की कार्यवाही का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात जनपद पंचायत बदरवास के लिये प्रस्थान कर बदरवास मॉडल स्कूल में पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया। प्रेक्षक श्री तिवारी ने नगर परिषद रन्नोद पहुंचकर तहसील कार्यालय में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कार्य का अवलोकन किया गया, इसके पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रन्नोद में स्थापित स्ट्रांग रूम, सामग्री वितरण स्थल/सामग्री वापिसी स्थल, मतगणना स्थल का मुआयना किया गया, साथ ही मतदान केन्द्र क्रमांक 04.05,06.07 एवं 11 का निरीक्षण कर व्यवस्था संबंधी आवश्यक निर्देश दिये। इसके पश्चात जनपद पंचायत खनियाधांना के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विधालय खनियाधांना में पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण का अवलोकन किया एवं निर्वाचन हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम, सामग्री वितरण स्थल/ सामग्री वापिसी स्थल, मतगणना स्थल का मुआयना किया गया। इसके पश्चात खनियाधांना के मतदान केन्द्र क्रमांक 02,03,05,06,09 का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये।

# वोटरों को दी जा रही जान से मारने की धमकी अपने पक्ष में कर आना चाह रहे वोटिंग



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शास. प्रा. वि.शाला बाड़ीपुरा के शिक्षक कृष्णपाल सिंह यादव एवं ग्राम पुरा पंचायत पुरा का पोस्टमेन मिठ्ठलाल द्वारा बोटरों को डराये धमकाये जाने एवं वोटरों की खरीद फरोख्त करने व जबरन बोट डालने हेतु बोटरों पर दवाव बनाये जाने एवं बोट न देने की स्थिति में मारीपट करने व जान से मारने की धमकी दिये के उक्त लोगो पर ज़उचित कार्यवाही करने के लिए दिया ज्ञापन

ग्राम पंचायत पुरा में सरपंच पद का चुनाव लड़ मे रहा है तथा शिक्षक कृष्णपाल सिंह यादव का भाई चन्द्रपाल सिंह यादव पंचायत पुरा से ही सरपंच का चुनाव लड़ रहा है उक्त चुनाव के चलते शिक्षक कृष्णपाल सिंह यादव द्वारा अपने भाई के पक्ष में बोट डालने हेतु बोटों की खरीद फरोख्त की जा रही है तथा सहरिया आदिवासी बोटरों को डराया धमकाया जा रहा है कहा जा रहा है यदि मेरे भाई चन्द्रपाल को बोट नही दिये तो मैं तुम लोगों के बच्चो को नहीं पढ़ाऊंगा और न ही उन्हें खाना वितरित करूंगा तथा तुम लोगो को जान से खत्म करवा दूंगा जिस कारण वोटर डरे सहमे हुये है उक्त शिक्षक कृष्णपालसिंह यादव पूर्व से राजनैतिक रसूक रखता है। कहता कि मेरा कोई कुछ नही कर सकता है तुम लोगो ने यदि भाई चन्द्रपाल को बोट नहीं दिये तो गांव में रहना मुश्किल कर दूंगा। यह कि पोस्टमेन मिठठूलाल द्वार भी चन्द्रपाल सिंह के पक्ष में बोट डालने पर सहरिया आदिवासियों पर दबाव बना रहे है और कह रहे है कि यदि तुम लोगो ने चन्द्रपाल सिंह को बोट नहीं दिये जाने गांव में रहना मुश्किल कर दूंगा और एक को मार मार कर सही कर दूंगा और किसी ने ज्यादा कुछ किया जो जान से खत्म करवा दूंग । जिस कारण गरीब सहरिया आदिवासी बोटर काफी डरा सहमा हुआ है। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि पोस्टमेने मिठ्ठूलाल व शिक्षक कृष्णपाल सिंह को उक्त ग्राम पंचायत के स्कूल से शीघ्र हटायालाकर अन्यत्र स्थानान्तरण करने व बोटरों को डराने धमकराने एवं चुनाव प्रभावि करने के कारण उचित काननी कारवाही करने के लिए दिया ज्ञापन

## समाज की गौरव मनीषा सीरवी ने किया समाज का नाम रोशन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु-** सीरवी समाज की होनहार प्रतिभा मनीषा सीरवी सुपुत्रि माधुराम सीरवी मूलेवा मूलनिवासी-भावी ,तहसील , बिलाड़ा। जिला जोधपुर।हाल निवास सुनकंदकट्टे बेंगलुरु वाहिनी पाईप बेंगलूर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ खुशहाली बढ़ाओ कर्नाटक बोर्ड से कक्षा 12वी. के परीक्षा परिणाम में 92.66त्र प्रतिशत अंक अर्जित किया । लाडली बिटियाँ सुश्री मनिषा सीरवी ने भविष्य का लक्ष्य तय करते हुए कड़ी मेहनत व लगन से परिवार स्कूल, गांव तथा समाज का नाम रोशन किया।सुश्री मनिषा गौरवमयी उपलब्धि पर सुश्री मनिषा सीरवी के पिता माधुराम सीरवी के पुरे परिवार एंव राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति चेत बंधु परिवार व सीरवी समाज महालक्ष्मी लेआउट और सुकतंकट्टे की और से मनीषा सीरवी को बहुत बहुत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गई।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में 21 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिले में चिन्हित स्थान अटेर किला भा.पु. पर जिला प्रशासन, आयुष विभाग, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग भिण्ड मध्य प्रदेश के द्वारा संयुक्त रुप से किया जा रहा है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी (जिला आयुष अधिकारी) द्वारा बताया गया कि आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ''मानवता के लिए योग'' थीम पर आधारित रहेगा। इस हेतु आमजनों के लिए निःशुल्क योग शिविर का आयोजन जिले में संचालित आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर प्रतिदिन आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योगा प्रोटोकोल अनुसार कराया जा रहा है।

योग शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रार्थना, चालन क्रिया, खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल, पीठ के बल, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प, शांति पाठ कराया जाएगा। इसके लिए योग प्रशिक्षक एवं आयुष चिकित्सक टीम द्वारा आमजन को भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। बताया गया है कि सुबह जल्दी उठकर योग करना अधिक फायदेमंद होता है योग शुरू करने से पहले हल्का वार्म करना जरूरी है ताकि शरीर खुल जाए। सुबह योगासन खाली पेट करना चाहिए, पहली बार योगासन करने वालों को शुरुआत में हल्के हल्के योग के आसन करने चाहिए फिर जैसे-जैसे उनके अभ्यस्त होते जाएं तो अपने स्तर को बढ़ाना चाहिए, इस दौरान योगप्रशिक्षक की मदद लेना जरूरी है। अगर शाम को कोई योग कर रहे हैं तो भोजन करने के करीब 3 से 4 घंटे बाद ही योग करना चाहिए, साथ ही योग करने के आधे घंटे बाद ही कुछ खाएं। योगासन करने के तुरंत बाद नहाना नहीं चाहिए, बल्कि कुछ देर इंतजार करना चाहिए, हमेशा आरामदायक कपड़े पहन कर ही योग करना चाहिए। जहां योग कर रहे हो वह जगह साफ और शांत होनी चाहिए। योग करते समय नकारात्मक विचारों को अपने मन से निकालने का प्रयास करें। योग का सबसे जरूरी नियम यह है कि इसे धैर्य से करें और किसी भी आसन में अधिक जोर ना लगाएं। अपनी क्षमता के अनुसार ही इसे करें सभी योगासन सांस लेने और छोड़ने पर निर्भर करते हैं, इसका ज्ञान होना जरूरी है। संभव हो तो इस बारे में किसी योग प्रशिक्षक से सीख लें, उसके बाद ही स्वयं से अभ्यास करें। अगर कोई बीमार या गर्भवती है तो चिकित्सक से सलाह लेने के पश्चात ही योग प्रशिक्षक की देखरेख में योगासन करें। योग के दौरान ठंडा पानी ना पिए, क्योंकि योग करते समय शरीर गर्म होता है इसके स्थान पर सामान्य अथवा हल्का गुनगुने पानी का सेवन करें। योग अभ्यास हेतु आमजन कॉमन योग प्रोटोकॉल से संबंधित जानकारी के लिए जिला आयुष कार्यालय भिण्ड से संपर्क कर सकते हैं।

# गोहद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विरखड़ी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सुदामा चरित्र के साथ हुआ समापन।

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिंड।** गोहद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विरखड़ी में श्रीमद्भागवत कथा में मां अन्नपूर्णा लाडली सरकार लाडमपुरा धाम से पधारी सुप्रसिद्ध कथावाचक देवी संध्या जी ने श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर रूक्मिणी मंगल एवं भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का मिलन बड़े ही रोचक ढंग से सुनाया। देवी संध्या जी ने कहा, रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की




प्रशंसा सुनी, तो उन्होंने मन ही मन श्रीकृष्ण को वर मान लिया था। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा शिशुपाल से कराना चाहता था लेकिन भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में देवी रुक्मिणी स्वीकार कर चुकीं थी। उन्होंने बताया कि जिस दिन शिशुपाल से विवाह होने वाला था, उसी दिन भगवान श्रीकृष्ण मंदिर से रुक्मिणी देवी को रथ से द्वारिका लाए और विवाह किया इसी के साथ देवी संध्या जी ने कहा कि संसार में मित्रता भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक-दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर एक-दूसरे को भूल जाते हैं। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। परमात्मा से बनाया गया रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाएगा। देवी संध्या जी ने बताया कि स्वाभिमानी सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा कृष्ण का चितन और स्मरण नहीं छोड़ा। जिसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया। मित्रता करनी हैं तो कृष्ण और सुदामा की तरह करों, मित्र चाहें गरीब हो चाहे अमीर पर मित्रता ह्रदय से होनी चाहिए जो प्रभु श्री कृष्ण ने कर दिखाई व्यास जी द्वारा मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये ।

## न-टू-वन

### अग्निपथ योजना को लेकर संभावित भारत बंद को लेकर गोहद चौराहा पर तैनात पुलिस बल

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** कतिपय लोगों के द्वारा भारत बंद की घोषणा पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शैलेंद्र सिंह चौहान जी द्वारा संपूर्ण जिले में सतर्कता बरतते हुए पुलिस बल को पर्याप्त मात्रा में जगह-जगह ड्यूटी पर तैनात किया गया है, इसी कड़ी में थाना प्रभारी गौहद चौराहा रविंद्र शर्मा ,उपनिरीक्षक उपेन्द्र सिंह धाकड़ बल सहित गोहद चौराहे पर तैनात हैं उनके द्वारा सुबह-सुबह आर्मी की तैयारी कर रहे कुछ युवाओं से संवाद किया गया जिनके द्वारा सच्ची देश सेवा की भावना से आर्मी में जाने की बात कहकर किसी भी हिंसक घटना में भाग ना लेने की बात कही व देश सेवा को सर्वोपरि बताया ।



### रीडर को 35 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा

**भोपाल।** प्रदेश के जबलपुर जिले की राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) टीम ने रविवार की देर शाम बालाघाट जिले के लालबर्रा तहसीलदार के रीडर पैमेन्द्र हरिनखेड़े को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई विवेकानंद कॉलोनी बालाघाट निवासी अरुण जेठवा की शिकायत पर इओडब्ल्यू ने की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अरुण जेठवा की फैक्ट्री औद्योगिक नगरी गर्रा में स्थित है। इस फैक्ट्री के खसरे से उसके भागीदारों, जो अब अलग हो चुके हैं, के नाम हटाने के लिए अरुण जेठवा द्वारा तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया था। इस मामले में रीडर द्वारा आवेदक से पचास हजार रुपए के रिश्वत की मांग की थी, जो चालीस हजार रुपए में तय हुआ था। तय राशि में से रीडर द्वारा पांच हजार रुपए की राशि 15 जून को ले ली गई है। शेष राशि बाद में देना तय हुआ था। इसी दौरान आवेदक द्वारा इस मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू में कर दी गई। नियत समय अनुसार 19 जून को रिश्वत की शेष राशि पैंतीस हजार रुपए देना तय हुआ था। रविवार की देर शाम अरुण जेठवा द्वारा रिश्वत की शेष राशि 35 हजार रुपए रीडर के घर में दे रहे थे, जिसे इओडब्ल्यू की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है।इस कार्रवाई में ईओडब्ल्यू जबलपुर के उप पुलिस अधीक्षक मनजीत सिंह, विवेचक निरीक्षक प्रेरणा पाण्डेय, निरीक्षक शशिकला मस्कूले, निरीक्षक मोमेंद्र मर्सकोले, उप निरीक्षक कीर्ति शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।ईओडब्ल्यू की इस कार्रवाई से तहसील कार्यालय में सन्नाटा पसर गया है।

### साध्वी प्रज्ञा सिंह दुबई से किया था धमकी भरा फोन

**भोपाल।** राजधानी की सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को जान से मारने की धमकी देने वाला मोबाइल नंबर दुबई का निकला है। क्राइम ब्रांच भोपाल के पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने यह जानकारी दी। श्री कुमार ने बताया कि यह मोबाइल नंबर वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क सिस्टम से लिया गया है। उन्?होंने बताया कि बीपीएन नंबर पूरी तरह से सुरक्षित होता है, उसे कोई हैक नहीं कर सकता है, इसलिए पुलिस को इससे आगे अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।मालूम हो कि सांसद साध्?वी प्रज्ञा को शुक्रवार रात को मोबाइल पर वाट्सएप काल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई थी। धमकी देने वाले ने खुद को अंडरवर्ल्?ड डान दाउद इब्राइहिम के भाई इकबाल कास्?कर का आदमी बताते हुए धमकी दी थी। फोन करने वाले ने पूछा कि साध्?वी प्रज्ञा बोल रही हैं, उनके हां कहने पर फोन करने वाले ने कहा कि तुम्?हारी हत्?या कर देंगे। साध्?वी ने कारण पूछा तो जवाब मिला कि एक्?शन का रिएक्?शन देख लेना, सामने से तुम्?हें गोली मारेंगे। इसके बाद साध्?वी ने भोपाल के टीटी नगर थाने में उसी रात रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम लखनऊ पुलिस से लगातार संपर्क में है, लेकिन अभी तक दोनों ही टीमें उस बीपीएन नंबर को ट्रेस नहीं कर पाई हैं। हमारी टीम लखनऊ पुलिस के भी संपर्क में है, विदेशी बीपीएन नंबर होने के कारण कोई सफलता नहीं मिल पाई है।पुलिस उपायुक्?त अमित तिवारी ने बताया कि उसी बीपीएन नंबर से मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव की बहू अपर्णा यादव को धमकी भरा फोन भी किया गया था।

### रूसी पत्रकार ने नीलाम किया अपना नोबेल पुरस्कार, पैसे से यूक्रेनी बच्चों की होगी मदद

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच साढ़े तीन महीने से जंग जारी है। जंग में यूक्रेन तबाह हो रहा है। अमेरिका सहित कई देशों ने यूक्रेन की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है. इस बीच रूसी पत्रकार ने यूक्रेन की मदद कर एक मिसाल पेश की है। रूसी पत्रकार दिमित्रि मुरातोव ने शांति के लिए मिले अपने नोबेल पुरस्कार की नीलामी कर दी।मुरातोव नीलामी से मिलने वाले पैसे यूक्रेन में युद्ध से विस्थापित हुए बच्चों की मदद के लिए सीधे यूनीसेफ को देने वाले हैं। अक्टूबर 2021 में गोल्ड मेडल से सम्मानित मुरातोव स्वतंत्र रूसी अखबार 'नोवाया गजट' की स्थापना की और वह मार्च में अखबार के बंद होने के समय इसके मुख्य संपादक थे। यूक्रेन पर रूस के हमले के मद्देनजर सार्वजनिक असंतोष को दबाने और पत्रकारों पर रूसी कार्रवाई के चलते अखबार बंद कर दिया गया था। मुरातोव ने पुरस्कार की नीलामी से मिली 5,00,000 डॉलर की नकद राशि धर्मार्थ के लिए दान करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस दान का उद्देश्य ''शरणार्थी बच्चों को भविष्य के लिए एक मौका देना है। मुरातोव ने कहा कि वह खासतौर पर उन बच्चों के लिए चिंतित हैं, जो यूक्रेन में संघर्ष के कारण अनाथ हुए हैं। उन्होंने कहा, हम उनका भविष्य लौटाना चाहते हैं। मुरातोव ने हेरीटेज ऑक्शंस द्वारा जारी वीडियो में कहा कि यह अहम है कि रूस के खिलाफ लगाए गए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से दुर्लभ बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल दवाएं और अस्थि मज्जा प्रतिरोपण जैसी मानवीय सहायता जरूरतमंदों तक पहुंचने से न रुके।

# जीएसटी में आने वाली कठिनाईयों को संकलित कर उनके सरलीकरण के सुझाव का मांग पत्र तैयार करने हेतु चेम्बर भवन में बैठक आयोजित

**ग्वालियर।** जीएसटी में आने वाली कठिनाईयों को संकलित कर उनके सरलीकरण के सुझाव का मांग पत्र तैयार करने हेतु चेम्बर भवन में आज दोपहर 3.30 बजे 'चेम्बर भवनक्क में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जीएसटी विशेषज्ञ के रूप में सीए दीपक वाजपेयी उपस्थित थे। बैठक का संचालन कर मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी के प्रावधानों के सरलीकरण की मांग लगातार म.प्र. चेम्बर ऑफ इण्डस्ट्री, ग्वालियर सहित भारतवर्ष के विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा की जाती रही है क्योंकि जीएसटी के प्रावधान बहुत जटिल हैं और इससे व्यापारी जकड़ा हुआ महसूस करता है। इसके प्रावधानों में अनजाने में हुई गलती का खामियाजा भी व्यापारी को बहुत बड़ा भुगतना पड़ता है। ई-वे बिल में दिये गये समय में गंतव्य स्थान पर शासन-प्रशासन के कारण हुई देरी पर भी व्यापारी पर ही जुर्माना लगाया जाता है। सरकार द्वारा व्यापारिक संगठनों से सरलीकरण पर सुझाव आमंत्रित किये गये हैं, उसी



तारतम्य में आज की बैठक आहूत की गई है। इन सुझावों को हमें शीघ्र ही भारत सरकार तक पहुंचाना है और आज की बैठक में आये सुझावों को हम शीघ्र ही संभवत~ कल ही भेजेंगे। बैठक में पधारे व्यापारी एवं उद्योगपति सर्वश्री महेश मुदगल, पंकज गोयल, संजय धवन, आशुतोष जी, मोहन गर्ग, दीपक सेठ, मनीष मोटवानी, नवीन तनेजा, आशीष अग्रवाल, आशीष जादौन, अमित तिवारी, अंकुर जी, संजय अग्रवाल, कपिल जयसिंघानी, सुशांत सिंघल, रोशन जैन, राजीव वैश्?य, संदीप बंसल, नरेन्द्र कुमार मंगल, पवन कुमार अग्रवाल, माधव अग्रवाल आदि ने कहा कि जीएसटी के प्रावधानों का सरलीकरण अवश्य ही होना चाहिए क्योंकि हर प्रकार का व्यवसायी व्यापार कर रहा है, इसलिए जीएसटी के प्रावधान ऐसे होना चाहिए जो कि एक सामान्य व्यापारी को भी समझ में आ जाएं। व्यापारियों ने सुझाव देते हुए कहा कि सरकार एमएसएमई को बढावा देना चाहती तो एमएसएमई द्वारा उत्पादित ऐसे उत्पाद जिनका उपयोग गरीब उपभोक्ता करते हैं उन्हें जीएसटी से मुक्त रखा जाना चाहिए जैसे कि नॉन ब्राण्डेड आटा जो छोटी-छोटी इकाईयों द्वारा उत्पादित किया जाता है, उसे जीएसटी से मुक्त रखा जाना चाहिए। जीएसटी में सबसे बड़ी परेशानी यह आती है कि माल के क्रेता द्वारा जीएसटी चुका दिया गया है परंतु विक्रेता द्वारा पोर्टल में नहीं दर्शाने से क्रेता को जीएसटी का इनपुट नहीं मिल पाता वहीं कर भी दुबारा क्रेता से ही मांगा जाता है, इसमें सुधार किया जाना चाहिए। आर.सी.एम. को वापिस लिया जाना चाहिए, जीएसटीआर-2 को लागू किया जाना चाहिए। एमएसएमई को ई-इनवॉइस से छूट मिलना चाहिए। कम्पोजिशन की लिमिट को डेढ करोड़ से बढाया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक व्यापारी इसका लाभ ले सकें और सरकार का भी राजस्व बढ सके। जीएसटीआर-1 फाइल करने की तारीख 11 से बढाकर 20 की जाना चाहिए। जीएसटी हेल्प डेस्क प्रारंभ की जाना चाहिए। जीएसटी के मामलों के निराकरण के लिए ट्रिब्यूनल का गठन होना चाहिए।

बैठक में जीएसटी विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित सीए दीपक वाजपेयी ने कहा कि जीएसटी को लागू हुए पांच वर्ष हो चुके हैं और आज दिनांक तक इसमें हजारों संशोधन हो चुके हैं और आज भी इसके सरलीकरण के लिए सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं। इससे यह प्रदर्शित होता है कि जीएसटी में खामियां अब भी मौजूद हैं। सरकार ने जीएसटी को पोर्टल बेस बना दिया है।

# शहर के समग्र विकास व प्रगति को सर्वहारा वर्ग की मंशानुसार गति दूंगी: डॉ. शोभा सिकरवार



### वार्ड 20 और वार्ड 57 में किया जनसम्पर्क



**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** कांग्रेस पार्टी से महापौर पद की उम्मीदवार डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा है कि निगम के 66 वार्डो के समग्र विकास व प्रगति को गति, सर्वहारा वर्ग की मंशानुसार दी जाएगी। खस्ताहाल सड़के, पानी की समस्या, स्ट्रीट लाईट की समस्या जैसी तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिये कांग्रेस पार्टी काम करेगी। आपका स्नेह और आर्शीवाद से हम शहर को सुन्दर और स्वच्छ बनाएंगे। कांग्रेस की महापौर उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने आज वार्ड 20 में डोर टू डोर सघन् जनसम्पर्क कर कांग्रेस पार्टी को विजयश्री दिलाने का आव्हान किया। वार्ड क्रमांक 20 में डॉ.शोभा सिकरवार ने पार्षद प्रत्याशी प्रीति भदौरिया के साथ रणधीर कॉलोनी से जनसम्पर्क की शुरूआत करते हुये सैनिक कॉलोनी, शिव कॉलोनी, गोवर्धन कॉलोनी समेत अन्य क्षेत्रों में सघन जनसम्पर्क करते हुये आम मतदाताओं के बीच चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा ने शहर विकास के लिये कोई काम नही किया है। हम विश्वास दिलाते है कि निगम परिषद कांग्रेस की बनने के बाद जन मानस की मंशा के अनुरूप काम कर शहर के विकास को गति प्रदान करेंगे। इस दौरान लोगों ने डॉ. शोभा सिकरवार का जगह-जगह आरती उतारकर तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। इसके अलावा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड 57 में पार्षद प्रत्याशी अवधेश कौरव के साथ अचलेश्वर महादेव मन्दिर चौराहे से महापौर उम्मीदवार डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार के समर्थन में जनसम्पर्क करते हुये श्री हरगोविन्द मिश्रा कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, रानीपुरा, ओफो की बगिया और बीजासेन मोहल्ला में जनसम्पर्क किया। इसके अतिरिक्त विधायक डॉ. सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 22 में पार्षद प्रतयाशी श्री प्रमोद खरे के साथ महापौर उम्मीदवार डॉ. शोभा सिकरवार के समर्थन में ओम नगर, सुजाता नगर, बुद्ध बिहार, तारामाई कॉलोनी एवं सिद्धेश्वर नगर में जनसम्पर्क कर कांग्रेस को विजयश्री दिलाने का आव्हान किया। महापौर उम्मीदवार डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने वार्ड 29 महलगांव, वार्ड 24 थाटीपुर, वार्ड 45 एवं वार्ड 13 में पार्षद प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बरगद, केसिया और सप्तपर्णी के पौधे लगाए



### मुख्यमंत्री श्री चौहान के पुत्र कुणाल ने अपने जन्म-दिवस के उपलक्ष्य में लगाया बरगद का पौधा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट सिटी उद्यान में अपने पुत्र कुणाल और उज्ज्वल भूमि फाउंडेशन के सदस्यों के साथ पौध-रोपण किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान के पुत्र कुणाल का 19 जून को जन्म-दिवस था। मुख्यमंत्री श्री चौहान की व्यस्तता के कारण कुणाल उनके साथ कल पौध-रोपण नहीं कर पाए। कुणाल ने अपने जन्म-दिवस के उपलक्ष्य में आज मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ बरगद का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ फाउंडेशन के सदस्य प्रदीप कुशवाहा, नीलेश श्रीवास्तव, प्रमोद पटेल और शिवेन्द्र कुशवाह ने केसिया और सप्तपर्णी का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। सदस्यों ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण-संरक्षण एवं अन्य क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियाँ जैसे पौध-रोपण, पार्क सौंदर्यीकरण, बच्चों को पढ़ाने तथा महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से अपने जन्म-दिवस, वैवाहिक वर्षगाँठ तथा परिचित एवं परिजन के पुण्य-स्मरण में पौध-रोपण करने की अपील की है।

#### - पौधों का महत्व

आज लगाए गए पौधों में बरगद का धार्मिक महत्व है, साथ ही आयुर्वेद के अनुसार बरगद के पेड़ से कई बीमारियों का इलाज संभव है। केसिया की छाल और पत्तियों का उपयोग आयुर्वेदिक दवाएँ बनाने में किया जाता है। सप्तपर्णी का पौधा, सदाबहार औषधीय वृक्ष है, जिसका आयुर्वेद में बहुत महत्व है।

## बांग्लादेश में बाढ़ की विनाशलीला से पैदा हुआ खाद्य सामग्री, पेयजल का संकट, सरकार की चिंता बढ़ी

**ढाका।** बांग्लादेश में बाढ़ की विनाशलीला ने जो कोहराम मचाया उसका सिलसिला सोमवार को भी थमा नहीं हैं। अधिकारियों को देश के विशाल उत्तरी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में बाढ़ के कारण बने आश्रय स्थलों में पेयजल और सूखे खाद्य पदार्थ पहुंचाने में मुश्किल आई। अधिकारियों और स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह मानसून शुरू होने के बाद से देश भर में एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। सरकार ने लोगों को निकालने में मदद के लिए शुक्रवार को सेना की मदद ली। एक टीवी स्टेशन ने बताया कि लाखों लोग बिजली आपूर्ति से वंचित हैं। समाचार के अनुसार, आपदा और राहत मामलों के कनिष्ठ मंत्री इनामुर रहमान ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित सुनामगंज और सिलहट जिलों में 100,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और लगभग 40 लाख लोग इस क्षेत्र में फंसे हुए हैं। देश की राजधानी ढाका में देश के बाढ़ पूर्वानुमान और चेतावनी केंद्र से रविवार को ताजा बयान में कहा गया है कि उत्तरपूर्वी जिलों सुनामगंज और सिलहट में बाढ़ की स्थिति अगले 24 घंटों में और खराब हो सकती है। इसने कहा कि उत्तरी बांग्लादेश की एक प्रमुख नदी तीस्ता के खतरे से निशान से ऊपर बहने की आशंका है। देश के उत्तरी जिलों लालमोनिरहाट, कुरीग्राम, नीलफामरी, रंगपुर, गैबंधा, बोगरा, जमालपुर और सिराजगंज में भी स्थिति बिगड़ सकती है। अधिकारियों ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र से पानी कम होना शुरू हो गया है, लेकिन यह देश के मध्य क्षेत्र के लिए खतरा पैदा कर रहा है, जो बाढ़ के पानी के लिए दक्षिण में बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने का मार्ग है। मीडिया की खबरों में कहा गया है कि दूरदराज के इलाकों में बाढ़ से प्रभावित लोगों को पीने के पानी और भोजन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। गैर-लाभकारी विकास संगठन बीआरएसी के एक वरिष्ठ निदेशक अरिंजॉय धर ने ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में बाढ़ प्रभावितों के लिए खाद्य सामग्री वितरण सुनिश्चित करने में मदद मांगी।

# खुलासा- भारत-तालिबान मित्रता से बौखलाए पाकिस्तान ने सिख गुरुद्वारे पर कराया था आतंकी हमला!

**काबुल।** भारत-तालिबान मित्रता से बौखला कर पाकिस्तान ने काबुल के सिख गुरुद्वारे पर आतंकी हमला करवाया था यह खुलासा सुरक्षा एजेंसियों ने किया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान का पाकिस्तान के साथ करीबी संबंध है और यह हमला तालिबान और भारत दोनों को ही संदेश देने के लिए किया गया हो सकता है। भारत और तालिबान के बीच अफगानिस्तान में नई दिल्ली के फिर से फिर वापसी को लेकर काफी बातचीत चल रही है जो पाकिस्तान को पसंद नहीं है। ऐसे में यह आतंकी हमला कई तरह के सवाल उठा रहा है। आईएसकेपी के आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने नूपुर शर्मा के पैगंबर को लेकर दिए गए बयान का बदला लेने के लिये सिखों पर हमला किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस बीच गुरुद्वारा कर्ते परवान पर हमले से अब एक बार फिर से बहस शुरू हो गई है कि क्या भारत का काबुल में अपना दूतावास फिर से खोलना चाहिए या नहीं। वह भी तब जब काबुल की सुरक्षा तालिबानी गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के पास है जो पाकिस्तान का पाला हुआ अंतरराष्ट्रीय आतंकी है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आईएसकेपी के आतंकियों को पाकिस्?तान तालिबान पर चेक एंड बैलेंस बनाये रखने के लिए पाल रहा है। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में एक भारतीय दल तालिबान के कब्जे के बाद पहली बार काबुल के दौरे पर गया था। इस दल ने तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी से मुलाकात की थी। सूत्रों का कहना है कि काबुल में भारत के दूतावास को फिर से खोलने की योजना को काफी गति मिल गई थी और अधिकारियों का एक दल भी भेजा जाना था ताकि वीजा और मानवीय सहायता के कार्यों को अंजाम दिया जा सके। इस आतंकी हमले के बाद भारत ने 111 अफगान हिंदू और सिख लोगों को आपातकालीन वीजा जारी कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने टीम भेजने की खबर पर टिप्?पणी नहीं किया है लेकिन सूत्रों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा है कि अफगानिस्तान जाने वाले दल को सुरक्षा अनुमति मिलने का इंतजार है। अभी फिलहाल स्थानीय लोगों की मदद से दूतावास के कार्यों को चलाया जा रहा है। वहीं विभिन्न शहरों में स्थित महावाणिज्य दूतावास पूरी तरह से बंद हैं। हक्कानी नेटवर्क के भारतीय दूतावास पर हमले के बाद पैदा हुई दुश्मनी के बाद भी तालिबान ने कई बार भारत से अपील की है कि वह अपने दूतावास को फिर से खोले। तालिबान ने भारतीय दूतावास को सुरक्षा की पूरी गारंटी दी है। फिलहाल अफगानिस्तान में 13 देशों रूस, चीन, ईरान, पाकिस्तान, तुर्की आदि के दूतावास अफगानिस्तान में सक्रिय हैं।

# अमेरिका ने 10 लाख डॉलर में खरीदे मेरे सांसद: इमरान खान

### सांसदों को अमेरिका ने एक मिलियन डॉलर की घूस दी ताकि वह उनके खिलाफ वोट करें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फिर से दोहराया है कि अमेरिका ने उन्हें सत्ता से हटाने के लिए विपक्ष की मदद की। इसके साथ ही इमरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने उनके समर्थक सांसदों का वोट एक मिलियन डॉलर लगभग 20 करोड़ पाकिस्तानी रुपए में खरीदा है। पुतिन से मुलाकात के बाद वह अमेरिका की नजरों में चढ़ गए। इसके साथ ही इमरान ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि रूस यूक्रेन पर हमला करने वाला है। एक खबर के मुताबिक इमरान खान ने दावा किया कि उनकी पार्टी के सांसदों को अमेरिका ने एक मिलियन डॉलर की घूस दी ताकि वह उनके खिलाफ वोट करें। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ये सब 23 फरवरी को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर



पुतिन और उनकी मुलाकात से नाराज होकर किया। बता दें कि इमरान और पुतिन की मुलाकात के कुछ देर बाद ही रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया था। इमरान ने अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड लू पर आरोप लगाया कि उन्होंने कहा था कि अगर वह सत्ता में रहे तो पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा और अगर सत्ता से निकल जाते हैं तो देश को माफ कर दिया जाएगा। हालांकि अमेरिका ने इमरान के आरोपों पर हमेशा इनकार किया है। इमरान ने बातचीत में कहा कि उन्हें बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि पुतिन यूक्रेन पर हमला करने वाले हैं। एक खबर के मुता?बिक इमरान ने कहा ?कि हमें युद्ध के बारे में तब पता चला जब हम वहां पहुंच चुके थे। हम क्या करते? क्या ये यात्रा रद्द कर देते और लौट आते? ऐसा नहीं किया जा सकता था क्योंकि कई सालों से पाकिस्तान का कोई पीएम रूस नहीं गया था। सेना कुछ रूसी हथियार खरीदना चाहती थी।

## ताइवान को एशिया का यूक्रेन बनाना चाहता है ड्रैगन

### - 140,000 सैनिकों के साथ हमले का है प्लान, ऑडियो लीक

**बीजिंग।** यूरोप में रूस और यूक्रेन का युद्ध चल रहा है। लेकिन अब एक रिपोर्ट के मुताबिक एशिया में भी युद्ध छिड़ सकता है। एक लीक रिकॉर्डिंग में चीन के सैन्य अधिकारी ताइवान को कब्जाने की बात कर रहे हैं। इसके साथ ही वह यह भी कह रहे हैं कि वह ताइवान के लिए युद्ध शुरू करने से पीछे नहीं हटेंगे। दावा किया जा रहा है कि ये रिकॉर्डिंग देश के कुछ वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच की बातचीत है। इसमें वह 140,000 सैनिकों के साथ ताइवान पर हमला करने की प्लानिंग कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में स्थित एक चीनी निर्वासित ने ऑडियो और गुप्त रूप से ली गई तस्वीर को प्रकाशित किया। उसकी ओर से कहा गया कि सेना के वरिष्ठ सदस्यों ने यह रिकॉर्डिंग लीक की है, क्यों वह इस बात को लेकर चिंतित हैं कि चीन की ताइवान के खिलाफ आक्रामकता शांति के लिए खतरा होगी। यह भी दावा किया गया है कि जिन सैन्य अधिकारियों ने ये रिकॉर्डिंग सार्वजनिक की है उनकी जान अब खतरे में है। रिकॉर्डिंग के मुताबिक ये सिविलियन और मिलिट्री कमांड की संयुक्त बैठक है जो चीन के दक्षिणी शहर ग्वांगझू में हुई है। इस बैठक में ताइवान पर कब्जा करने की योजना बनाई गई। मीटिंग में एक वक्ता ने कहा, हम युद्ध शुरू करने, ताइवान की स्वतंत्रता और दुश्मनों की साजिश को कुचने से पीछे नहीं हटेंगे। जो ऑडियो जारी किया गया है उसकी अभी तक स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इस ऑडियो को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि ये चीन के नेताओं के सार्वजनिक बयानों से मेल खाते हैं। चीन पहले ही ताइवान को कुचलने की कसम खा चुका है। चीन के रक्षामंत्री ने हाल ही में अमेरिका के रक्षामंत्री से मुलाकात के दौरान कहा था कि वह ताइवान के लिए युद्ध शुरू करने से पीछे नहीं हटेंगे। रिकॉर्डिंग में कहा गया है कि सेना के अधिकारी ग्वांगझू से 140,000 सैनिकों को युद्ध के लिए तैयार रखने की बात कर रहे हैं। रिकॉर्डिंग में ताइवान पर हमला करने के लिए 953 जहाज और 1653 अलग-अलग ड्रोन शामिल करने की बात हो रही है। इसके अलावा 20 हवाई अड्डे और बंदरगाह, जहाजों के शिपबिल्डिंग यार्ड, 14 इमरजेंसी ट्रांसफर सेंटर, अनाज डिपो, हॉस्पिटल, ब्लड बैंक, तेल डिपो और पेट्रोल पंपों को भी युद्ध के लिए तैयार रखने की बात कही जा रही है।

# वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर हर मतदान केन्द्र पर पुख्ता व्यवस्था करें - श्री सक्सेना

### संभाग आयुक्त श्री सक्सेना एवं एडीजी श्री वर्मा ने प्रेक्षक श्री शर्मा की मौजूदगी में बैठक लेकर की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

### शस्त्र जमा न करने वाले 268 लोगों के शस्त्र लायसेंस निलंबित

ग्वालियर। 20 जून 2022/ वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर हर मतदान केन्द्र पर व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाएँ। मतदान केन्द्रों में पानी न टपके इसके लिए उपयंत्रियों की जवाबदेही तय करें। साथ ही मतदाताओं एवं मतदान दलों के लिए हर मतदान केन्द्र पर पेयजल व बिजली इत्यादि मूलभूत सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था हो। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन की तैयारी बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। ग्वालियर जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन पर निगरानी रखने के लिये राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री डी निवास वर्मा द्वारा चुनाव तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।



सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित ग?पाले व श्री एच बी शर्मा, जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी व विभिन्न निर्वाचन कार्य के नोडल अधिकारी मौजूद थे।

### 268 शस्त्र लायसेंस निलंबित, निरस्ती के लिए दिए नोटिस

पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी बैठक में कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि निर्धारित तिथि तक पुलिस थानों में शस्त्र जमा न करने वाले 268 लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। साथ ही इन सभी लायसेंसधारियों को लायसेंस निरस्त करने के लिये भी नोटिस दिए गए हैं।

### संयुक्त कंट्रोल रूम बनाएँ

प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि मतदान दिवस के लिए विकासखण्ड व जिला स्तर पर संयुक्त कंट्रोल रूम स्थापित करें। इस कंट्रोल रूम में पुलिस, राजस्व व अन्य विभागीय अधिकारियों की टीम मौजूद रहे, जिससे जरूरत प?ने पर संबंधित मतदान केन्द्र पर तत्काल सहायता पहुँचाई जा सके।

### रिजर्व वाहन को विकेन्द्रीयकृत कर खड़े कराएँ

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बैठक में निर्देश दिए कि मतदान दलों के आवागमन के लिए नियमित वाहनों के अलावा पर्याप्त संख्या में रिजर्व वाहन रखे जाएं। साथ ही इन वाहनों को पुलिस चौकी या अन्य ऐसे उचित स्थान पर ख?ा कराएँ, जिससे यदि कोई नियमित वाहन खराब हो तो तत्काल रिजर्व वाहन का उपयोग किया जा सके।

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2022

## ग्वालियर से डबरा एवं भितरवार जाने वाले मतदान दलों के लिए वाहन सुविधा

ग्वालियर। ग्वालियर से डबरा एवं भितरवार क्षेत्र के लिए तैनात किए गए मतदान दलों को वाहन सुविधा मुहैया कराई जायेगी। खासतौर पर ग्वालियर से डबरा व भितरवार जाने वाले मतदान दलों के लिये यह व्यवस्था की गई है। ग्वालियर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से 23 जून को दोपहर 2 बजे विशेष वाहन डबरा व भितरवार के लिए रवाना होंगे। मतदान दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारी इन वाहनों के जरिए डबरा व भितरवार जा सकेंगे।

## प्रेक्षक श्री शर्मा ने लिया मतगणना केन्द्र व स्ट्रांग रूम का जायजा

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ग्वालियर जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन की निगरानी के लिये नियुक्त प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा ने सोमवार को विभिन्न मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। साथ ही मतगणना केन्द्र व स्ट्रांग रूम की व्यवस्थायें भी देखीं।

प्रेक्षक श्री शर्मा ने सोमवार को मोहना व भितरवार के मतगणना केन्द्र व स्ट्रांग रूम का जायजा लिया। साथ ही मोहना में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) की प्रक्रिया भी देखी। उन्होंने भितरवार के शासकीय महाविद्यालय में बनाए गए वितरण केन्द्र का भी जायजा लिया। इस दौरान संबंधित रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी उनके साथ थे।



## संक्षिप्त समाचार

### ग्वालियर किले पर होगा केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया की मौजूदगी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

ग्वालियर। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा ग्वालियर किले पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 मनाया जायेगा। इस आयोजन में लगभग दो हजार से अधिक प्रतिभागी योग का महाप्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का उदघाटन केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 21 जून को प्रातः 5.45 बजे करेंगे।

ज्ञात हो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने वर्ष 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाये जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। विश्वभर में योग को स्वीकृति और मान्यता हमारे देश के लिये गौरव का विषय है, क्योंकि योग हमारे देश की सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न अंग है।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ÷आजादी के अमृत महोत्सव÷ के साथ पड़ रहा है। इस क्रम में केन्द्रीय आयुष मंत्रालय ने देशभर के प्रमुख स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की योजना बनाई है। इस कदम से विश्वस्तर पर भारत को ब्रांड के रूप में पेश करने में सहायता मिलेगी।

इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की विषयवस्तु ÷मानवता के लिये योग÷ है, क्योंकि कोविड-19 महामारी की पराकाष्ठा के दौरान योग ने बीमारी की पीड़ा को कम कर मानव जाति की सेवा की थी। इसके साथ ही कोविड-19 के बाद स्वास्थ्य की बेहतरी, करुणा, दया और एकता की भावना के बल पर लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने तथा पूरी दुनिया में लोगों में आपदा को सहन करने में भी मदद की थी।

कार्यक्रम के दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल, विशेषज्ञों द्वारा योग पर व्याख्यान, योगाभ्यास प्रदर्शन और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

### जैन मिलन महिला थाटीपुर क्षेत्र क्रं.2 ग्वा. की ओर विद्यालय में वाटर कूलर लगाया गया

**पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना निस्वार्थ सेवाभाव का प्रतीक है-राकेश जैन**

**वाटर कूलर प्याऊ पर चंदन से स्वातिक बनकर एवं फीता खोलकर लोकार्पण किया।!**



ग्वालियर। जैन मिलन महिला थाटीपुर, क्षेत्र क्रं.2 ग्वा. की ओर से आज सोमवार को मुरार बारादरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए वाटर कूलर व वाटर फिल्टर का लोकार्पण किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि वाटर कूलर का लोकार्पण भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 के क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश जैन, राष्ट्रीय चेयरमेन राजीव जैन एडवोकेट, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हेमन्त जैन, क्षेत्रीय मंत्री वीरां.अनीता जैन के आतिथ्य वाटर कूलर प्याऊ पर चंदन से स्वातिक बनकर एवं फीता खोलकर लोकार्पण किया।! संस्था की अध्यक्ष सारिका जैन व सचिव साधना जैन ने आतिथियो का चंदन का तिलक व मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि जल सेवा मानव की सच्ची सेवा है। समाज के विभिन्न वर्गों को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए। पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना निस्वार्थ सेवाभाव का प्रतीक है। जैन मिलन महिला की अध्यक्ष सारिका जैन ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया व सचिव वीरां.साधना जैन ने आभार व्यक्त किया! इस अवसर पर जैन मिलन महिला थाटीपुर की अध्यक्ष सारिका जैन, मंत्री साधना जैन, रश्मि जैन,मधु जैन, पूर्व शाखा अध्यक्ष सरोज जैन,ममता जैन, रूबी जैन, नीलम जैन, अल्पना जैन, सुनीता जैन, इन्द्रा जैन, गीता जैन, नीलम गोधा एवं जैन मिलन थाटीपुर के नरेश जैन, एम.पी.जैन, चंद्रशेखर जैन, महेन्द्र जैन अध्यक्ष, जे.के.जैन कोषाध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शहर के समग्र विकास व प्रगति को सर्वहारा वर्ग की मंशानुसार गति दूंगी : डॉ. शोभा सिकरवार

### अ वार्ड 20 और वार्ड 57 में किया जनसम्पर्क

ग्वालियर। कांग्रेस पार्टी से महापौर पद की उम्मीदवार डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा है कि निगम के 66 वार्डो के समग्र विकास व प्रगति को गति, सर्वहारा वर्ग की मंशानुसार दी जाएगी। खस्ताहाल सड़के, पानी की समस्या, स्ट्रीट लाईट की समस्या जैसी तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिये कांग्रेस पार्टी काम करेगी। आपका स्नेह और आर्शीवाद से हम शहर को सुन्दर और स्वच्छ बनाएंगे।



कांग्रेस की महापौर उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने आज वार्ड 20 में डोर टू डोर सघन् जनसम्पर्क कर कांग्रेस पार्टी को विजयश्री दिलाने का आव्हान किया। वार्ड क्रमांक 20 में डॉ.शोभा सिकरवार ने पार्षद प्रत्याशी प्रीति भदौरिया के साथ रणधीर कॉलोनी से जनसम्पर्क की शुरूआत करते हुये सैनिक कॉलोनी, शिव कॉलोनी, गोवर्धन कॉलोनी समेत अन्य क्षेत्रों में सघन जनसम्पर्क करते हुये आम मतदाताओं के बीच चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा ने शहर विकास के लिये कोई काम नही किया है। हम विश्वास दिलाते है कि निगम परिषद कांग्रेस की बनने के बाद जन मानस की मंशा के अनुरूप काम कर शहर के विकास को गति प्रदान करेंगे। इस दौरान लोगों ने डॉ. शोभा सिकरवार का जगह-जगह आरती उतारकर तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। इसके अलावा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड 57 में पार्षद प्रत्याशी अवधेश कौरव के साथ अचलेश्वर महादेव मन्दिर चौराहे से महापौर उम्मीदवार डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार के समर्थन में जनसम्पर्क करते हुये श्री हरगोविन्द मिश्रा कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, रानीपुरा, ओफो की बगिया और बीजासेन मोहल्ला में जनसम्पर्क किया।










स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478